दैनिक **करंट क्राइम**

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली ।। शुक्रवार 28 जून -2024 ● वर्ष : 8 अंक : 259 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3







कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की टीआरपी का इससे ज्यादा क्या होगा मजबूत पैगाम

# जब उपराष्ट्रपति ने हाथ मिलाते ही कहा आपका तो आया था वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड में नाम

**वरिष्ठ संवाददाता, गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में कई बार कुछ कम्पलीमेंट बहुत ही सुखद एहसास कराते हैं। कई मौकों पर जब कुछ ऐसे वाक्यात होते हैं जब वो यादगार बन जाते हैं। एक ऐसा ही पल कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की जिंदगी में भी आया। जब उन्होंने अपनी विधानसभा में खड़े होकर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से हाथ मिलाया और हाथ मिलाते ही उपराष्ट्रपति ने कहा कि आप तो वही विधायक हैं जिनका नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड में आया था। दरअसर मामला साहिबाबाद विधानसभा में उपराष्ट्रपति के आगमन को लेकर जुड़ा है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ साहिबाबाद में आयोजित एक कार्यक्रम में आये थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उपराष्ट्रपति के स्वागत की कमान साहिबाबाद विधायक तथा कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को सौंपी थी। सुनील शर्मा की विधानसभा में यहां कार्यक्रम हो रहा था और जब कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने उपराष्ट्रपति को रिसीव किया और उन्हें अपना परिचय दिया तो यहां उनके कैबिनेट मंत्री वाले पद से बड़ा कद उनके वर्ल्ड रिकार्ड को हो गया।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने उपराष्ट्रपति को अपना परिचय देते हुए कहा कि मैं कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा तो उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने उनसे हाथ मिलाते हुए कहा कि आप तो वही विधायक हो जिनका नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज है। आप सबसे ज्यादा वोटों से चुनाव जीते थे। यह सुनकर साहिबाबाद विधायक और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा मुस्कुराये बिना नहीं रह सके और उन्होंने कहे यह रिकार्ड मेरे ही नाम पर दर्ज है।



### उपराष्ट्रपति को थी खबर कितने प्रतिशत की थी कवर

करंट क्राइम। सियासत में जब रिकार्ड बनते हैं तो इनकी गूंज केवल एक क्षेत्र तक नहीं सीमित नहीं रहती, देश और विदेश तक संदेश जाता है। देश के पहले ऐसे विधायक हैं जो सबसे ज्यादा वोटों से चुनाव जीते हैं। उन्होंने जब उपराष्ट्रपति को अपना परिचय दिया तो वो हैरान रह गये कि उपराष्ट्रपति को ये पहले से मालूम था कि सुनील शर्मा का नाम सबसे ज्यादा वोट हासिल करने वाले विधायक के रूप में दर्ज है और उससे भी बड़ी हैरानी की बात ये थी उपराष्ट्रपति को यह भी खबर थी कि साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा ने अपनी विधानसभा में कितने प्रतिशत वोटों को कवर किया है। जब उपराष्ट्रपति ने रिकार्ड की बात की तो सुनील शर्मा ने बताया कि मैं यहां से विधायक हूं और सुनील शर्मा उस समय हैरान रह गये जब उपराष्ट्रपति को यह भी पता था कि सुनील शर्मा ने कुल पड़े वोटों को 66 प्रतिशत वोट हासिल किया है।

### जब करंट क्राइम ने बताया मामला तो हैरान रह गये कैबिनेट मंत्री

करंट क्राइम। उपराष्ट्रपति साहिबाबाद विधानसभा में आये। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपना परिचय दिया और उपराष्ट्रपति ने रिकार्ड बताया, वोटों का प्रतिशत बताया। ये तब हुआ जब कैबिनेट मंत्री उपराष्ट्रपति से मुलाकात कर रहे थे। यहां कोई खास लोग नहीं थे और ये बात भी मंच से नहीं हुई थी। यह एक सामान्य शिष्टाचार की बात हुई थी लेकिन करंट क्राइम के पास शब्द ब शब्द इसकी जानकारी थी। जब करंट क्राइम ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा से उपराष्ट्रपति वाली घटना को लेकर बात की तो कैबिनेट मंत्री एक बार तो हैरान रह गये। उन्होंने पूछा भी कि यह बात आप तक कैसे पहुंची। सुनील शर्मा सियासी व्यक्तित्व हैं और फिर वो इस बात को लेकर प्रसन्न नजर आये कि उन्हें देश की सबसे बड़ी विधानसभा से देश का सबसे बड़ा जनादेश मिला है।

# गाजियाबाद में 25 स्थानों पर शुरू किए जाएंगे 110 चार्जिंग स्टेशन

## ग्रीन-क्लीन सिटी के लिए आज होटल रेडिसन ब्लू में होगी इलेक्ट्रिक व्हीकल वर्कशॉप

## जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने सभी विभागों को किया आमंत्रित

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** गाजियाबाद शहर ग्रीन और क्लीन बने। यहां की वायु का प्रदूषण का स्तर कम हो और लोग खुली हवा में सांस ले सके। इसके लिए सरकार की बहू प्रशिक्षित योजना को गाजियाबाद में पंख लगाने के लिए जिला अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक शहर में इलेक्ट्रिक व्हीकल की जागरूकता लाने के लिए शुक्रवार को कौशांबी के रेडिसन ब्लू होटल में इलेक्ट्रिक व्हीकल वर्कशॉप का आयोजन कर रहे हैं। इस वर्कशाप के लिए जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने सभी विभागों को वर्कशॉप में आमंत्रित किया है। इस वर्कशाप का मकसद है कि गाजियाबाद में ऐसे 25 स्थानों का चयन किया जाए और वहां 110 चार्जिंग स्टेशन लगाए जाएं ताकि गाजियाबाद शहर प्रदूषण मुक्त हो और बिजली की अतिरिक्त डिमांड से कम जूझना पड़े। यह सुविधा वर्तमान में अभी लखनऊ में चल रही है। अब यूपी सरकार की मंशा है कि लखनऊ के बाद कानपुर, गाजियाबाद, नोएडा, आगरा एवं बनारस में भी इस अभियान को भव्यता के साथ इलेक्ट्रिक व्हीकल पर लेकर आया जाए।






### मिशन रहा सफल तो एनर्जी से लेकर पॉल्यूशन होगा कंट्रोल

करंट क्राइम : जिस प्रकार से आईएएस अधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह और नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह की इस प्रोजेक्ट को शुरू करने की प्लानिंग है, वह दशार्ती है कि इस व्यवस्था को शुरू करके गाजियाबाद के प्रदूषण को काम किया जाए। साथ ही इलेक्ट्रिक एनर्जी भी सुरक्षित की जाए। इस बैठक में गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, आवास विकास परिषद, आरटीओ विभाग, ट्रांसपोर्ट विभाग, ट्रैफिक विभाग, पेट्रोल पंप संगठन, आरडब्ल्यूए एसोसिएशन, इलेक्ट्रिक व्हीकल मैन्युफैक्चर एसोसिएशन, इलेक्ट्रिक व्हीकल यूजर्स, इलेक्ट्रिक चार्जिंग ऑपरेटर, वाहनों के डीलर, उद्योग बन्धुओं के प्रतिनिधियों के साथ ही शहर के प्रमुख लोगों को भी आमंत्रित किया गया है। वर्कशॉप सुबह 10 :30 बजे से कौशांबी स्थित होटल रेडिसन ब्लू में होगी। जिसमें शहर के प्रमुख अधिकारी और गणमान्य लोग अपने विचार भी रखेंगे।।

### शहर के हर प्रमुख स्थान को जोड़ने का है प्लान

करंट क्राइम : नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने बताया है कि नगर निगम सीमा के अंतर्गत इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन के लिए लगभग 25 स्थानों का चयन कर लिया गया है। यहां पर 110 चार्जिंग स्टेशन लगाए जाएंगे। लखनऊ के बाद गाजियाबाद उत्तर प्रदेश में दूसरा शहर होगा जहां इलेक्ट्रिक व्हीकल की कारवाई को प्रमुखता से बढ़ने पर जोर दिया जा रहा है। अधिकारियों का कहना है कि इसमें ऐसी व्यवस्था रखी जाएगी की गाजियाबाद के लगभग सभी हिस्से जो नगर निगम क्षेत्र से जुड़े हुए हैं। वहां पर चार्जिंग स्टेशन और चार्जिंग पॉइंट बनाए जाए ताकि लोगों को लंबी दूरी तय करने में आसानी हो, अगर कोई बाहर से भी गाजियाबाद के नेशनल हाईवे और एक्सप्रेसवे का इस्तेमाल करता है। तो वह गाजियाबाद में इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग स्टेशन का लाभ उठा सके।

**लखनऊ के बाद गाजियाबाद उत्तर प्रदेश का दूसरा शहर होगा जहां इलेक्ट्रिक व्हीकल पर जोर दिया जा रहा है**

### स्मार्ट सिटी की ओर भी है यह एक कदम

**करंट क्राइम :** गाजियाबाद के अधिकारी शहर को लेकर स्मार्ट सिटी में डेवलप करने के लिए कई तरह की प्लानिंग करते रहते हैं। साथ ही शहर को दिल्ली-एनसीआर के शहर में ले जाने का भी प्रयास रहता है। नगर निगम सीमा अंतर्गत इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग प्रोजेक्ट भी उसी कड़ी में एक सकारात्मक कदम है। जो भविष्य में सफल होने पर कामयाब कहा जाएगा।

**नगर निगम सीमा अंतर्गत इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जिंग प्रोजेक्ट एक सकारात्मक कदम है**

# विधायक नंदकिशोर गुर्जर के आरोपों के बाद महंत मुकेश गिरी पर हुआ 25 हजार का ईनाम घोषित

● लगातार चर्चा में बना हुआ है गंग नहर प्रकरण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** दैनिक करंट क्राइम में गुरुवार के अंक में विधायक नंदकिशोर गुर्जर का मुरादनगर में युवकों की डूबाकर मौत के मामले में धर्म विशेष के लोगों के शामिल होने को लेकर बयान प्रकाशित हुआ। इस बयान के प्रकाशित होने के कुछ ही घंटे के बाद पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अधिकारियों द्वारा गंग नहर की जमीन पर कब्जा, अवैध रूप से महिलाओं की अश्लील वीडियो और पास्को एक्ट जैसे अन्य गंभीर मामलों में फरार चल रहे महंत मुकेश गिरी निवासी डिफेंस कॉलोनी थाना मुरादनगर पर 25 हजार का इनाम घोषित किया गया है।

27 जून को पुलिस उपायुक्त ग्रामीण गाजियाबाद विवेक चंद्र यादव के हस्ताक्षर वाला यह आदेश जारी किया गया है। यह आदेश गाजियाबाद के कई स्तर के अधिकारियों और प्रभारियो के कार्यालय भी भेजा गया है। बता दें कि कुछ समय पहले मुरादनगर पुलिस ने महंत मुकेश गिरी के ऊपर गंभीर धारों में मुकदमा दर्ज किया था। तभी से महंत मुकेश गिरी फरार चल रहे हैं। अब गाजियाबाद पुलिस ने उस पर 25000 का इनाम कर दिया है।



महंत मुकेश गिरी

### महंत राजू दास और विधायक नंदकिशोर ने उठाया था यह मुद्दा

करंट क्राइम : मुरादनगर नहर पर एक धर्म विशेष के लोगों द्वारा हिंदू युवकों को डूबने और उनके शव बरामद करने के नाम पर हजारों रुपए की उगाही करने का आरोप कुछ साल पहले लगाया था। यह मामला बीते कई दिनों से फिर तूल पकड़ रहा है। इसको लेकर खबरें भी सामने आई हैं। तो वही लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बताया था कि उन्होंने ही सबसे पहले इस मामले को उठाया था। साथ ही उन्होंने महंत के मामले पर भी अपने टिप्पणी की रखी थी। जिसके बाद पुलिस ने महंत मुकेश गिरी को 25000 का इनामी घोषित कर दिया है।

# पूर्व मेयर के शिलापट्ट पर हथौड़ा चलाने वाले जिस शख्स पर दर्ज हुई थी एफआईआर पुलिस कर रही है उसके स्विट्जरलैंड से लौटकर आने का इंतजार

वरिष्ठ संवाददाता, गाजियाबाद (करंट क्राइम)। जिस शख्स ने पूर्व मेयर अशु वर्मा के शिलापट्ट को हथौड़े से वार कर टुकड़े टुकड़े कर दिया था। उस शख्स के खिलाफ सोसाइटी की पूर्व आरडब्लूए अध्यक्ष और भाजपा कार्यकर्ता ने एफआईआर दर्ज करायी थी। वो शख्स अभी तक गिरफ्तार नहीं हो सका है और पता चला है कि वह फरार है और देश की सीमाओं से भी बाहर है। पुलिस उसके लौटकर आने का इंतजार कर रही है। गौरतलब है कि 9 जून को इन्दिरापुरम की शिप्रा विस्टा सोसाइटी में रहने वाले अमित अग्रवाल ने सोसाइटी में बने स्वीमिंग पूल के उद्घाटन पत्थर को हथौड़ा मार मार कर तोड़ दिया था। इस स्वीमिंग पूल का उद्घाटन पूर्व मेयर अशु वर्मा ने किया था। अमित अग्रवाल ने इसकी वीडियो भी बनाई थी और सोसाइटी की पूर्व अध्यक्ष प्रिया बिष्ठ ने एफआईआर दर्ज करायी थी। अब पता चला है कि अमित अग्रवाल ने उसी रात स्वीट्जरलैंड की फ्लाईट पकड़ ली थी और अब उसके स्वीट्जरलैंड से लौटकर आने का इंतजार है। यह घटना 9 जून को तब हुई थी जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल की शपथ ली थी। जिस समय दिल्ली में शपथ ग्रहण समारोह चल रहा था उसी समय इन्दिरापुरम की शिप्रा कृष्णा विस्टा सोसाइटी में अमित अग्रवाल के हाथों से पूर्व मेयर अशु वर्मा के शिलापट्ट पर हथौड़ा चल रहा था। खास बात ये है कि अमित अग्रवाल ने इस पूरी घटना की वीडियो भी खुद बनायी थी।



शिलान्यास का पत्थर तोड़ने वाले का नहीं लेना चाहिए इतना संज्ञान

ऐसी हरकतें ओछी मानी जाती हैं और मानसिक विकृत माना जाता है इंसान

### इंदिरापुरम की टीम ने रखी थी सांसद अतुल गर्ग के सामने ये पूरी बात

करंट क्राइम। भाजपा के तत्कालीन जनप्रतिनिधि के नाम के पत्थर पर कोई हथौड़ा चलाये ये किसी भी दृष्टि से अच्छा नहीं माना जायेगा। वैचारिक भिन्नता हो सकती है लेकिन राजनीतिक शिष्टाचार किसी के भी शिलापट्ट तोड़ने की इजाजत नहीं देता। बताते हैं कि इन्दिरापुरम मंडल टीम भाजपा महानगर कार्यालय पर मौजूद थी। यहीं पर करंट क्राइम भी मौजूद था और जब ये पूछा गया कि इस मामले में क्या कार्यवाही हुई है तो पता चला कि कुछ लोग इस मामले को लेकर लोकसभा सांसद अतुल गर्ग से मिले थे लेकिन लोकसभा सांसद अतुल गर्ग ने इसे विधिवत तरीके से आने को कहा और कहा कि ये शिकायत इन्दिरापुरम मंडल अध्यक्ष के माध्मय से आनी चाहिए और इस पर कार्यवाही हो।



### शिलापट्ट तोड़ने वाले ने उसी रात पकड़ ली थी फ्लाइट



करंट क्राइम। शिप्रा कृष्णा विस्टा सोसाइटी में रहने वाले अमित अग्रवाल ने पहले हथौड़ा लेकर खुद शिलापट्ट तोड़ा। उसने इसकी वीडियो भी बनवाई और फिर एफआईआर दर्ज होने के बाद भी अमित अग्रवाल नजर नहीं आया। तब पता चला कि हथौड़ा चलाने के बाद अमित अग्रवाल ने उसी रात स्वीट्जरलैंड की फ्लाईट पकड़ ली थी और वो तब से स्वीट्जरलैंड में ही है। वो वापस लौटेगा तो पुलिस उसे गिरफ्तार कर लेगी।

### मंडल अध्यक्ष भी मिले बाहर और पत्थर तोड़ने वाला विदेश में

**करंट क्राइम।** जब ये बात हुई कि इस पूरे प्रकरण की शिकायत इन्दिरापुरम भाजपा मंडल अध्यक्ष के माध्यम से आनी चाहिए और इसे उचित प्लेटफार्म पर रखा जायेगा। उसके बाद जब यह बताने के लिए सम्पर्क साधा गया कि आरोपी स्वीट्जरलैंड चला गया है तो पता चला कि मंडल अध्यक्ष भी बाहर हैं। लेकिन मंडल अध्यक्ष से बात हुई तो उन्होंने कहा कि आरोपी के लौटने का इंतजार हो रहा है और इसमें दोनों पक्षों को बिठाकर बात होगी और उसी के बाद यह फाईनल होना है कि इस मामले में मुकदमा दर्ज होना है या समझौता होना है।

# क्या विधानसभा चुनाव से पहले सियासी बिसात पर हो रहा है इस बात को लेकर विचार, उत्तर प्रदेश के अब हो जाने चाहिए टुकड़े चार

**वरिष्ठ संवाददाता, गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश बड़ा राज्य है और बड़े राज्य होने के नाते ये शिकायत रही है कि प्रदेश के इस हिस्से को ज्यादा महत्व नहीं मिलता है। रोजगार से लेकर औद्योगिक अवसरों की बात होती है।




न्याय के सिद्धान्त की बात होती है तो हाईकोर्ट बेंच की बात होती है। सियासत में पूर्वांचल को महत्व देने की बात होती है तो पश्चित को दरकिनार करने की बात होती है। सियासत इस बात की गवाह है कि एक लंबे आंदोलन के बाद उत्तर प्रदेश से अलग होकर उत्तराखंड की स्थापना हुई। छोटे राज्यों की बात करें तो झारखंड से लेकर तेलंगाना तक ये नियम चला है और अब सूत्र बता रहे हैं कि उत्तर प्रदेश की सियासत में फिर से नई बगावत की मिट्टी महक रही है। अभी बातें अंदरखाने चल रही है और कल बाहर भी आयेंगी। 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजे आने के बाद उत्तर प्रदेश की एक सियासी लॉबी अपने लिए नए अवसरों की चाबी तलाश रही है। सूत्र बता रहे हैं कि अंदरखाने एक नया गणित तैयार हो रहा है और इस बात पर विचार हो रहा है कि अब उत्तर प्रदेश के चार टुकड़े होने चाहिए। इस चर्चा ने जोर पकड़ लिया है और लखनऊ से लेकर दिल्ली तक तेजी के साथ ये चर्चा चल रही है। सीनियर नेताओं तक भी इसकी आहट पहुंची है और सूत्र बता रहे है कि छोटे राज्यों के गठन के पीछे उद्देश्य राजनीतिक हो सकता है लेकिन तर्क विकासशीलता के दिये जा रहे हैं। दैनिक करंट क्राइम ने 27 जून के अंक में ये प्रकाशित भी किया था कि अलग दल की स्थापना को लेकर बिसात बिछ गई है। जिस सियासी आंदोलन में कई रिटायर अधिकारी और कई पूर्व जनप्रतिनिधि भी जुड़ गये हैं और अब छोटे राज्यों की सुगबुगाहट भी शुरू हो गई है।

### रालोद की एंट्री के बाद बनी है ये सूची, यूपी में होनी चाहिए चार यूपी



करंट क्राइम। छोटे राज्यों के गठन का विचार आज का नहीं है। रालोद तो शुरू से हरित प्रदेश की मांग करता आया है और जो सुगबुगाहट यूपी में अंदरखाने चल रही है उसके पीछे सत्ता में रालोद की एन्ट्री को भी मुख्य जनक बताया जा रहा है। कहने वाले यही कह रहे हैं कि रालोद की एन्ट्री के बाद छोटे राज्यों का लाभ बताते हुए ये सूची बनी है कि यूपी में चार यूपी होनी चाहिए। इसके लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश, पूर्व उत्तर प्रदेश से लेकर दो राज्य और मिलाकर छोटे राज्यों के लाभ बताये जा रहे हैं। माना यही जा रहा है कि रालोद की यूपी वाली सत्ता में एन्ट्री होने के बाद और केन्द्र वाली सत्ता में एन्ट्री के बाद इस बात की भूमिका बनी है। रालोद की ये आइडियोलॉजी पहले से रही है।

### 4 सीएम 400 मंत्री और अपना होगा हाईकोर्ट

करंट क्राइम। सियासी गलियारों में कोई भी हवा ऐसे ही नहीं चलती है। पहले इस पर चर्चा चलती है और फिर ये विचार तेजी से फैलता है। सूत्र बताते हैं कि सियासी महत्वाकांक्षाओं के बादल पूरब से लेकर पश्चिम तक फैले हैं। छोटे राज्यों का लाभ बड़े नेता समझ रहे हैं। वो ये बता रहे हैं कि जब वोट अपना होगा सपोर्ट अपना होगा तो हाईकोर्ट भी यहां अपना होगा। बड़े नेता ये समझा रहे हैं कि अगर 4 उत्तर प्रदेश होंगे तो खुशहाली बढ़ेंगी। 4 मुख्यमंत्री होंगे और 400 नेताओं को बनने का मौका मिलेगा। अब ये विचार कितना कारगर होगा ये समय बतायेगा लेकिन माहौल बनना शुरू हो गया है।

# युवती के न्यूड वायरल वीडियो पर रहस्य बरकरार

## पुलिस ने कहा लोकेशन नहीं हुई ट्रेस

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** सोशल मीडिया पर एक युवती का मेट्रो स्टेशन के निकट वायरल हो रहा है न्यूड वीडियो का मामला 24 घंटे बाद भी रहस्य में उलझा हुआ है। वीडियो पर 12 घंटे से अधिक समय के बाद गाजियाबाद की पुलिस की ओर से जवाब आया है।

एसीपी साहिबाबाद रजनीश उपाध्याय का कहना है की वीडियो के संबंध में कई स्थान के सीसीटीवी फुटेज और वीडियो को देखा गया है लेकिन यह ना तो मोहन नगर या उसके आसपास का नहीं लग रहा है। जबकि वीडियो की पड़ताल बता रही है कि जो उसमें वहां ई-रिक्शा और आसपास की प्रॉपर्टी है, वह मेट्रो स्टेशन के आसपास का ही इलाका हो सकता है।

### तेजी से वायरल हो रहा है वीडियो

**करंट क्राइम :** सोशल मीडिया के कई प्लेटफार्म पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें एक युवती न्यूड है, वह सड़क पर जा रही है। उसे देखकर लोग किसी प्रकार की क्रिया-प्रतिक्रिया भी नहीं कर रहे हैं। युवती कौन है, कहां से आई है। वह नशे में है या उसका मानसिक संतुलन ठीक नहीं है, अभी कुछ भी स्पष्ट नहीं हो पा रहा है। सोशल मीडिया पर यह वीडियो वायरल होने के बाद कई न्यूज वेबसाइट और पोर्टल पर भी यह तस्वीरें नजर आ रही हैं। वहीं तस्वीरें बेहद हैरान करने वाली भी हैं।

# दिसंबर 2024 तक तैयार कर लें गंगा एक्सप्रेस- वे चार नए लिंक एक्सप्रेस का मांगा प्रस्ताव : सीएम योगी



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कई परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए गंगा एक्सप्रेस वे को दिसंबर 2024 तक पूरा करने का निर्देश दिया है। उन्होंने एक्सप्रेसवे के किनारे औद्योगिक क्लस्टरों के विकास की प्रक्रिया तेज करने का भी निर्देश दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश में निमार्णाधीन एवं नवीन एक्सप्रेसवे परियोजनाओं तथा औद्योगिक कॉरीडोर और डिफेंस कॉरीडोर के विकास की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बीते 07 वर्ष में उत्तर प्रदेश में रोड इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हुआ है। 2017 तक मात्र 02 एक्सप्रेस-वे वाले इस प्रदेश में आज 06 एक्सप्रेस-वे हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग भी 07 वर्ष पहले की तुलना में लगभग दोगुने हो गए हैं। आज उत्तर प्रदेश को एक्सप्रेसवे प्रदेश के रूप में नई पहचान मिल रही है। मेरठ से प्रयागराज को जोड़ने वाली गंगा एक्सप्रेसवे प्रत्येक दशा में आगामी दिसंबर तक आम जनता के लिए उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखें, ताकि प्रयागराज कुंभ 2025 में देश-दुनिया के श्रद्धालुगण गंगा एक्सप्रेसवे पर यात्रा का लाभ उठा सकें। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे के निर्माण की प्रगति संतोषप्रद है। गोरखपुर, संतकबीर नगर आजमगढ़ और अम्बेडकर नगर जनपद के लिए यह शानदार कनेक्टिविटी का माध्यम बनेगा। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस का निर्माण समयबद्ध ढंग से पूरा करा लिया जाए। जन आकांक्षाओं का सम्मान करते हुए बुंदेलखंड की जीवनरेखा बन चुके बुंदेलखंड एक्सप्रेस को चित्रकूट से जोड़ने के लिए कार्यवाही तेज की जाए, इसके लिए बजट भी प्राविधानित की जा चुकी है। यह बुंदेलखंड की कनेक्टिविटी को और बेहतर करने में बड़ा सहायक होगा।

कार्य की गुणवत्ता और परियोजना की समयबद्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए। बेहतर कनेक्टिविटी के लिए एक्सप्रेसवे कवरेज को और विस्तार देने की आवश्यकता है। जेवर में विश्वस्तरीय एयरपोर्ट बन रहा है, इसे एक्सप्रेसवे से जोड़ा जाना चाहिए। इसके लिए, गंगा एक्सप्रेसवे से जेवर एयरपोर्ट तक लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण कराया जाना उचित होगा। इसी प्रकार, आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे से पूर्वांचल एक्सप्रेसवे तक लिंक एक्सप्रेसवे तथा गंगा एक्सप्रेसवे से आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे तक वाया फरुर्खाबाद एक नया लिंक एक्सप्रेसवे बनाया जाना चाहिए। चित्रकूट लिंक एक्सप्रेसवे के साथ-साथ यह तीन नए एक्सप्रेसवे प्रदेश की तरक्की की तेज करने वाले होंगे।

### डिफेंस इंडस्ट्रियल में देश-दुनिया की बड़ी कंपनियां कर रहीं निवेश

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि देश को रक्षा उत्पादन का हब बनाने में अग्रणी भूमिका निभाने वाली उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल में देश-दुनिया की बड़ी रक्षा उत्पाद निमार्ता कंपनियां निवेश कर रही हैं। अब तक 24 हजार करोड़ से अधिक का निवेश डिफेंस कॉरीडोर में हो चुका है। लखनऊ नोड में ब्रम्होस एयरोस्पेस, एरोलॉय टेक्नोलॉजी, झांसी नोड में भारत डायनेमिक्स लिमिटेड, कानपुर नोड में अडानी डिफेंस सिस्टम, अलीगढ़ में एमिटेक इलेक्ट्रॉनिक्स और एंकर रिसर्च लिमिटेड जैसी बड़ी कंपनियां अपनी इकाई लगा रही हैं। नवीन प्रस्तावों के संबंध में तत्काल निर्णय लें। कोई भी प्रस्ताव लंबित न रखें। बायो प्लास्टिक पार्क के विकास की कार्यवाही तेजी से आगे बढ़ाई जाए। लखीमपुर खीरी में बायो प्लास्टिक मैनुफैक्चरिंग यूनिट की स्थापना के लिए भूमि क्रय तेज किया जाना अपेक्षित है।

# नीट- यूजी विवाद : सुप्रीम कोर्ट ने कोचिंग संस्थान की याचिका पर जताया आश्चर्य



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को नीट-यूजी परीक्षा के आयोजन में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए एक कोचिंग संस्थान की ओर से रिट याचिका दायर करने पर आश्चर्य जताया। जस्टिस मनोज मिश्रा की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने नीट छात्रों के लिए चलाए जा रहे कोचिंग संस्थान जाइलम लर्निंग का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील से पूछा, आपके कौन से मौलिक अधिकार का उल्लंघन हुआ है कि आप संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत रिट याचिका लेकर यहां पहुंच गए?

जवाब में वकील आर. बसंत ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट में मामले में दायर याचिका में छात्रों को भी याचिकाकर्ता बनाया गया है। अधिवक्ता ए. कार्तिक के माध्यम से दायर याचिका में कहा गया है कि राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) से प्रकाशित सूचना बुलेटिन के अनुसार, कई छात्रों को ओएमआर उत्तर पुस्तिकाएं उपलब्ध नहीं कराई गई हैं।

याचिका में कहा गया है कि छात्रों ने ईमेल भेजकर एनटीए से संपर्क किया, लेकिन उन ईमेल का जवाब नहीं दिया गया। इससे छात्र अपनी उत्तर पुस्तिकाएं देखने और 'आंसर की' के साथ उसका मिलान करने से वंचित हो गए। पीठ में जस्टिस एसवीएन भट्टी भी शामिल थे। पीठ ने कहा, इस मामले को लंबित याचिकाओं के समूह से जोड़ा जाए। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में कहा, श्री वर्धमान कौशिक ने एनटीए की ओर से नोटिस स्वीकार कर लिया है। इसी तरह के कुछ मामले इस कोर्ट में हैं और इस मामले को भी उसी के साथ जोड़ दिया जाय। इस बीच, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को कहा कि सरकार पेपर लीक के मामलों में निष्पक्ष जांच और दोषियों को कड़ी सजा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## न्यूज डायरी

### दिल्ली-एनसीआर में मानसून ने दी जोरदार दस्तक, झमाझम बारिश शुरू



**दिल्ली।** ट्रांस हिंडन के साथ ही पूर्वी दिल्ली और गौतमबुद्ध नगर और आसपास के कई इलाकों में तेज बारिश हो रही है। आसमान में काले-काले बादल छाये हैं और तेज हवा चल रही है। दिल्ली-एनसीआर में तेज बारिश शुरू हो गई है। इसे सीजन की पहली मानसूनी बारिश माना जा रहा है। ट्रांस हिंडन के साथ ही पूर्वी दिल्ली, नोएडा समेत आसपास के कई इलाकों में तेज बारिश हो रही है। आसमान में काले-काले बादल छाये हैं और तेज हवा चल रही है।
मौसम विभाग ने आज से शनिवार तक के लिए बारिश का यलो और रविवार को ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। ऐसे में सप्ताहांत में बारिश से तापमान में चार डिग्री सेल्सियस तक की कमी आ सकती है। इससे अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग ने गुरुवार को भी हल्की बारिश होने का अनुमान जताया है। इस दौरान आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। साथ ही, 25 से 35 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से तेज हवा और धूल भरी आंधी चलेगी। इससे अधिकतम तापमान 38 और न्यूनतम तापमान 29 डिग्री सेल्सियस दर्ज की जा सकता है।

### अविनाश राय खन्ना ने अमित शाह को लिखा पत्र, हिमाचल-पंजाब में कानून व्यवस्था पर उठाए सवाल



**शिमला।** हिमाचल प्रदेश और पंजाब से इन दिनों कई आपराधिक घटनाएं सामने आई है। जिसे लेकर हिमाचल के भाजपा प्रदेश प्रभारी अविनाश राय खन्ना ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखा है। जिसमें उन्होंने कानून व्यवस्था को लेकर दोनों प्रदेशों की सरकार को जिम्मेदार बताया है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा, आदरणीय श्री अमित शाह जी, नमस्कार आशा करता हूं कि आप परमपिता परमात्मा की अपार कृपा से कुशल मंगल होंगे।
मैं आपका ध्यान हिमाचल प्रदेश और पंजाब के बन रहे मौजूदा हालातों की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं। हिमाचल प्रदेश पर्यटन की दृष्टि से प्रमुख राज्य है। पंजाब के साथ सटा होने के कारण पंजाब के अधिकतर लोग हिमाचल प्रदेश में घूमने के लिए जाते हैं। लेकिन बीते दिनों हिमाचल प्रदेश में कुछ शरारती तत्वों ने एक पंजाबी युवक को पीटकर मार डाला और हाल ही में एक पंजाबी दम्पति को बुरी तरह पीटा है। ऐसी घटनाओं से हिमाचल प्रदेश में देशभर से आने वाले पर्यटकों में दहशत का माहौल है। वहीं पंजाब के भरतगढ़ में हिमाचल की गाड़ियों पर तोड़फोड़ की गई है। इस तरह की घटनाओं से हिमाचल और पंजाब के बीच सम्बन्ध लगातार खराब हो रहे हैं।
अविनाश राय ने इस मामले को लेकर हिमाचल की कांग्रेस और पंजाब की आप सरकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने गृह मंत्री अमित शाह से निवेदन करते हुए पत्र में लिखा, दोनों प्रदेशों के बीच सम्बन्ध अच्छे बने रहे और शांति स्थापना बहाल रहे, इसके लिए कोई सख्त एडवाइजरी जारी की जाए। ताकि हिमाचल प्रदेश में पर्यटकों को शांतमय माहौल मिले। साथ ही उनकी सुरक्षा को लेकर कोई खतरा ना हो।

# आपातकाल पर प्रस्ताव से कांग्रेस नाराज, लोकसभा अध्यक्ष को लिखा पत्र



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने गुरुवार को मुलाकात की। इस बीच कांग्रेस पार्टी ने लोकसभा अध्यक्ष द्वारा आपातकाल पर दिए गए प्रस्ताव पर नाराजगी व्यक्त की है। इस विषय पर कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि स्पीकर की कुर्सी दलगत राजनीति से ऊपर है। माननीय अध्यक्ष ने बुधवार को राजनीतिक टिप्पणियों के साथ जो कहा, वह संसदीय परंपराओं का उपहास है।

उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट रूप से राजनीतिक था और इसे टाला जा सकता था। हालांकि, राहुल गांधी व लोकसभा अध्यक्ष के बीच हुई मुलाकात को लेकर कांग्रेस ने कहा कि यह एक शिष्टाचार भेंट थी। इस मुलाकात के दौरान राहुल गांधी के साथ इंडिया गठबंधन के कई नेता भी शामिल रहे। दूसरी ओर लोकसभा में आपातकाल के जिक्र के मुद्दे पर केसी. वेणुगोपाल ने लोकसभा अध्यक्ष को बाकायदा एक पत्र लिखा है। अपने पत्र में उन्होंने लिखा, 26 जून 2024 को, लोकसभा अध्यक्ष के रूप में आपके चुनाव पर बधाई देते समय, सदन में सामान्य सौहार्द था। हालांकि, उसके बाद जो हुआ, जो आधी सदी पहले आपातकाल की घोषणा के संबंध में आपके स्वीकृति भाषण के बाद अध्यक्ष द्वारा दिया गया संदर्भ, वह बेहद चौंकाने वाला है। केसी वेणुगोपाल ने कहा, सभापति की ओर से इस तरह का राजनीतिक संदर्भ देना संसद के इतिहास में अभूतपूर्व है। एक नवनिर्वाचित अध्यक्ष के 'प्रथम कर्तव्यों' में से एक के रूप में सभापति की ओर से यह आना और भी गंभीर रूप धारण कर लेता है। वह भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से, संसदीय परंपराओं के इस उपहास पर अपनी गहरी चिंता और पीड़ा व्यक्त करते हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में आपातकाल लगाए जाने के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पेश करते हुए कहा था कि ये सदन 1975 में देश में आपातकाल लगाने के निर्णय की कड़े शब्दों में निंदा करता है। हम, उन सभी लोगों की संकल्पशक्ति की सराहना करते हैं, जिन्होंने इमरजेंसी का पुरजोर विरोध किया, अभूतपूर्व संघर्ष किया और भारत के लोकतंत्र की रक्षा का दायित्व निभाया।

अध्यक्ष ने कहा था कि भारत के इतिहास में 25 जून 1975 के उस दिन को हमेशा एक काले अध्याय के रूप में जाना जाएगा। इसी दिन तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने देश में इमरजेंसी लगाई और बाबा साहब आंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान पर प्रचंड प्रहार किया था। भारत की पहचान पूरी दुनिया में 'लोकतंत्र की जननी' के तौर पर है। भारत में हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों और वाद-संवाद का संवर्धन हुआ, हमेशा लोकतांत्रिक मूल्यों की सुरक्षा की गई, उन्हें हमेशा प्रोत्साहित किया गया। ऐसे भारत पर इंदिरा गांधी द्वारा तानाशाही थोप दी गई, भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों को कुचला गया और अभिव्यक्ति की आजादी का गला घोंट दिया गया।

### सीएम केजरीवाल की मुश्किलों के बाद गुस्से में पत्नी

# अब यही प्रार्थना तानाशाह का विनाश हो : सुनीता

**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता ने सोशल मीडिया पर लिखा, अभी तक हमेशा यही प्रार्थना रही है कि ईश्वर सबको सदबुद्धि दे। लेकिन अब प्रार्थना रहेगी कि तानाशाह का विनाश हो। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही है। आबकारी मामले में जहां पहले ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया।

वहीं बुधवार को इसी मामले में सीबीआई ने गिरफ्तार किया। अदालत ने आबकारी मामले में गिरफ्तार मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को तीन दिन की सीबीआई हिरासत में भेज दिया।

पति की मुश्किलों को बढ़ता देख मुख्यमंत्री की पत्नी सुनीता केजरीवाल का गुस्सा भड़क उठा। सुनीता केजरीवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर गुस्सा जाहिर किया है। उन्होंने लिखा, अभी तक हमेशा यही प्रार्थना रही है कि ईश्वर सबको सदबुद्धि दे। लेकिन अब प्रार्थना रहेगी कि तानाशाह का विनाश हो। इस मामले को संसद में उठाएंगेः संजय सिंह सीबीआई की ओर से मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को लेकर दिए गए बयान पर आम आदमी पार्टी ने विरोध जताया है।



### सुनीता केजरीवाल ने बताया आपातकाल

इससे पहले सुनीता केजरीवाल ने बुधवार को आरोप लगाया कि पूरी व्यवस्था यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि उनके पति जेल से बाहर न आएं। उन्होंने कहा कि यह सब तानाशाही और आपातकाल के समान है।

# लोकसभा में विपक्ष के नेता बनने के बाद राहुल गांधी ने स्पीकर से की मुलाकात



**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता बनने के बाद राहुल गांधी ने अन्य विपक्षी नेताओं के साथ लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की। लोकसभा अध्यक्ष के चैंबर में गुरुवार को हुई मुलाकात के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ सपा से डिंपल यादव, डीएमके से कनिमोझी करुणानिधि, राजद से मीसा भारती, एनसीपी (शरद पवार गुट) से सुप्रिया सुले, टीएमसी से कल्याण बनर्जी और आरएसपी से एनके. प्रेमचंद्रन के अलावा भी अन्य कई विपक्षी दलों के नेता मौजूद रहे।

गुरुवार को कार्यवाही के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को उनके द्वारा लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता देने की जानकारी दी। इससे पहले, बुधवार 26 जून को ही लोकसभा सचिवालय ने इसे लेकर लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह के हस्ताक्षर से एक अधिसूचना भी जारी की थी, जिसमें कहा गया था कि स्पीकर ने पार्लियामेंट एक्ट,1977 के तहत विपक्ष के नेताओं के वेतन और भत्ते की धारा 2 के संदर्भ में, लोकसभा में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को 9 जून, 2024 से लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता दी है। राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं की लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के साथ हुई मुलाकात पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ने गुरुवार को राहुल गांधी को आधिकारिक तौर पर विपक्ष का नेता घोषित किया, इसलिए उन्हें धन्यवाद कहने के लिए वे (राहुल गांधी) शिष्टाचार मुलाकात करने गए थे।

# ममता बनर्जी ने तृणमूल के दो विधायकों के शपथ में देरी पर की राज्यपाल की आलोचना



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस के दो नवनिर्वाचित विधायकों - बारानगर से सायंतिका बनर्जी और भागवानगोला से रेयात हुसैन सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में देरी को लेकर राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस पर तीखा हमला किया। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को राज्य सचिवालय नबन्ना में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, दोनों विधायकों को जनता ने चुना है। राज्यपाल को उन्हें शपथ लेने से रोकने का क्या अधिकार है? लगभग एक महीने से इस मुद्दे पर अनिश्चितता बनी हुई है।

उन्होंने सायंतिका बनर्जी और रेयात हुसैन सरकार की मांग का भी समर्थन किया कि या तो राज्यपाल शपथ दिलाने के लिए विधानसभा आएं या फिर ऐसा करने के लिए अध्यक्ष या उपाध्यक्ष को नियुक्त करें। तृणमूल के दोनों नवनिर्वाचित विधायकों ने बुधवार और गुरुवार को विधानसभा परिसर में अपनी मांग के समर्थन में धरना-प्रदर्शन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा,ह्लदोनों नवनिर्वाचित विधायक सही कह रहे हैं। राज्यपाल को शपथ दिलाने के लिए स्पीकर या डिप्टी स्पीकर को नामित करना चाहिए, या फिर उन्हें खुद विधानसभा जाकर शपथ दिलाना चाहिए। विधायक राजभवन क्यों जाएंगे? वैसे भी, पिछले दिनों राजभवन में जो कुछ हुआ, उसके बाद महिलाएं वहां जाने से डर रही हैं। उनकी यह टिप्पणी हाल ही में राजभवन की एक अस्थायी महिला कर्मचारी द्वारा राज्यपाल पर छेड़छाड़ का आरोप लगाते हुए दर्ज कराई गई पुलिस शिकायत के संबंध में थी। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बंदोपाध्याय पहले ही कह चुके हैं कि अगर गतिरोध जारी रहा, तो वे इस मामले में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का ध्यान आकर्षित करेंगे।

# कर्नाटक के सीएम सिद्दारमैया शनिवार को पीएम मोदी से करेंगे मुलाकात



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे। विधानसभा में केम्पे गौड़ा की 515वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के बाद मुख्यमंत्री ने मीडिया से कहा, पीएमओ (प्रधानमंत्री कार्यालय) ने मुलाकात का समय सुबह 8 बजे तय किया है। उन्होंने कहा कि वह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी मुलाकात करेंगे। अमित शाह के कार्यालय ने अभी तक अपॉइंटमेंट की पुष्टि नहीं की है। हालांकि, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने अपॉइंटमेंट की पुष्टि की है। सीएम सिद्दारमैया ने कहा, ह्रमैं राज्य से चुने गए सभी सांसदों से मिलने के लिए आज नई दिल्ली जा रहा हूं। मैं केंद्रीय मंत्रियों से भी मिलूंगा। हम कर्नाटक में केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई लंबित परियोजनाओं की लिस्ट पेश करेंगे। हम उनसे राज्य के लिए नई परियोजनाओं को मंजूरी देने, फंड जारी करने और राज्य सरकार को ज्यादा वित्तीय संसाधन देने का भी आग्रह करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि वह राज्यसभा सदस्यों, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय सिंचाई मंत्री और अन्य लोगों से भी मुलाकात करेंगे।

राहुल गांधी के लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष बनने पर सीएम सिद्दारमैया ने कहा कि उन्होंने पूरे देश का दौरा किया है। वह देश के मुद्दों को जानते हैं। मुझे विश्वास है कि राहुल गांधी विपक्ष के नेता के रूप में अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाएंगे।

सिद्दारमैया ने कहा, आज केम्पे गौड़ा की 515वीं जयंती है और सरकार इसे पूरे राज्य में मना रही है। केम्पे गौड़ा ने बेंगलुरु शहर का निर्माण किया। वह एक जन-हितैषी शासक थे। विजयनगर साम्राज्य के तत्कालीन शासक कृष्णदेव राय के शासनकाल के दौरान केम्पे गौड़ा ने बेंगलुरु क्षेत्र पर शासन किया और बेंगलुरु शहर की स्थापना की।

### कांग्रेस की गोद में खेल रहे आपातकाल के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले नेताओं के शहजादे : दयाशंकर सिंह

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के सांसद आरके चौधरी की ओर से सेंगोल को लेकर की गई टिप्पणी के बाद सियासत गरमा गई है। चौधरी ने संसद में सेंगोल की मौजूदगी पर सवाल उठाया और इसे राजशाही का प्रतीक बताते हुए इसे हटाने की मांग की। जिसके बाद भाजपा हमलावर हो गई है। आरके चौधरी के बयान पर प्रतिक्रिया जाहिर करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि आरके चौधरी आज उनके साथ हैं, जिन्होंने आपातकाल लगाया। इंदिरा गांधी ने संविधान की धज्जियां उड़ाई और लोकतंत्र की हत्या की। आपातकाल में लोगों को तमाम तरह की यातनाएं दी गई। आज ये लोग उस कांग्रेस के साथ खड़े हैं जो संविधान की धज्जियां उड़ाती है। आपातकाल में तमाम यातनाएं दी गई। उन्होंने कहा कि अगर देश में बाबा साहब के सिद्धांतों को किसी ने माना और संविधान के अनुसार काम किया तो उसका नाम नरेंद्र मोदी है। मुलायम सिंह यादव से लेकर लालू यादव ने आपातकाल का दंश झेला था, लेकिन आज उनके शहजादे कांग्रेस की गोद में खेल रहे हैं।

# तीन पीसीएस अधिकारियों के हुए तबादले

## सपा की शिकायत पर फिरोजाबाद से हटाए गए एडीएम को मिली तैनाती



**लखनऊ।** यूपी में तीन पीसीएस अधिकारियों का तबादला हुआ है। इनमें फिरोजबाद से हटाए गए एडीएम भी शामिल हैं। उन्हें बुलंदशहर में तैनाती मिली है। चुनाव के बाद यूपी में आईएएस, आईपीएस और पीसीएस अधिकारियों के तबादले का दौर जारी है। गुरुवार को प्रदेश सरकार ने तीन वरिष्ठ पीसीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया है। चुनाव के दौरान सपा की शिकायत पर फिरोजाबाद से हटाए गए अपर जिलाधिकारी (एडीएम) अभिषेक कुमार सिंह को बुलंदशहर में अपर जिलाधिकारी, वित्त एवं राजस्व बनाया गया है। विवेक कुमार मिश्रा को बुलंदशहर से गाजियाबाद एडीएम (एलए) के पद पर भेजा गया है। गाजियाबाद के एडीएम (एलए) शैलेंद्र भाटिया को यमुना अथॉरिटी में ओएसडी की जिम्मेदारी मिली है।

बरेली में प्लॉट पर कब्जे को लेकर खुलेआम फायरिंग की घटना के बाद एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान को हटा दिया गया है। उन्हें एसटीएफ का एसएसपी बनाया गया है। इसके अलावा सहारनपुर के एसएसपी विपिन टांडा को मेरठ का नया एसएसपी बनाया गया है। इसी तरह मुरादाबाद के एसएसपी हेमराज मीना को आजमगढ़ का एसपी बनाया गया है। आजमगढ़ के एसपी अनुराग आर्य को बरेली का एसएसपी बनाया गया है।

मेरठ के एसएसपी रोहित सिंह सजवान को सहारनपुर का एसएसपी बनाया गया है। प्रतापगढ़ के एसपी सतपाल को मुरादाबाद का एसएसपी बनाया गया है। चंदौली के एसपी डॉ. अनिल कुमार द्वितीय को प्रतापगढ़ की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। आगरा में एसपी रेलवे आदित्य लांग्हे का चंदौली का एसपी बनाया गया है।

### मंगलवार को बदले गए थे आठ आईपीएस अधिकारी

मंगलवार को एक साथ आठ आईपीएस अधिकारियों के तबादले हुए। इसमें ज्यादातर तबादले पुलिस अधीक्षकों और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों के तबादले हैं। शासन के निर्देश पर डीजीपी मुख्यालय ने मंगलवार को आठ आईपीएस अफसरों का तबादला कर दिया, जिनमें सात जिलों के पुलिस कप्तान शामिल हैं।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली।।शुक्रवार 28 जून-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित







## मनीष प्रकाश और आशुतोष गिरफ्तार 20-25 छात्रों के लिए बुक कराया था कमरा




**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक मामले की जांच कर रही सीबीआई की टीमें बिहार और गुजरात में जांच में जुटी हैं। बिहार में सीबीआई की टीम ने गुरुवार को नीट पेपर लीक के मामले में 'सेफ हाउस' में कमरा बुक करने वाले मनीष प्रकाष और आशुतोश को गिरफ्तार किया है। सीबीआई ने आरोपी मनीष प्रकाश को पूछताछ के लिए बुलाया था और फिर उसे गिरफ्तार कर लिया। सीबीआई ने पेपर लीक के दो आरोपी चिंटू और मुकेश को रिमांड पर हैं।

सीबीआई की दो टीम नालंदा और समस्तीपुर में है। वहीं एक टीम हजारीबाग पहुंची हुई है। सीबीआई ओएसिस स्कूल के प्रिंसिपल सहित कुल 8 लोगों से पूछताछ कर रही है। सीबीआई ने मनीष के साथ उसके दोस्त आशुतोष को भी गिरफ्तार किया है। नीट पेपर लीक मामले में आशुतोष की दूसरी गिरफ्तारी है।

### स्कूल में मिला था जला हुआ प्रश्न पत्र

पटना के खेमनी चक में लर्न एंड प्ले स्कूल, वही है जहां से नीट परीक्षा का जला हुआ प्रश्न पत्र मिला था। स्कूल से जले हुए मिले प्रश्न पत्र के आधार पर पटना पुलिस और एडव की जांच की पूरी थ्योरी टिकी हुई थी।

मनीश प्रकाश ने इसी स्कूल को रात भर के लिए किराए पर लिया था। लर्न प्ले स्कूल की बिल्डिंग का मालिक प्रेम रंजन है, जिसने आशुतोष कुमार को बिल्डिंग किराए पर दे हुई थी। अब सीबीआई ने आशुतोष को भी गिरफ्तार कर लिया है। 20 से 25 कैंडिडेट को रात में स्कूल में रुकवाया : मनीष आशुतोष का दोस्त है और उसने ही इस स्कूल में नीट के 20 से 25 कैंडिडेट को रात में रुकवाया था। मनीष के तार पेपर लीक के मास्टरमाइंड संजीव मुखिया से भी जुड़े हैं। मनीष प्रकाश भी मूल रूप से नालंदा का ही रहने वाला है और संजीव मुखिया भी। हालांकि, संजीव अब भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। मनीष के ही एक दोस्त आनंद कुमार ने इसका खुलासा किया कि मनीष ने कुछ परीक्षार्थियों के रहने के लिए लर्न प्ले स्कूल की बिल्डिंग वाली जगह उससे मांगी थी, लेकिन, बाद में यहां पर 20 से 25 परीक्षार्थियों को एक जगह रख कर जवाब रटवाया गया।

# कानून व्यवस्था को लेकर पार्षदों की है मिलीजुली राय
# किसी ने बताया श्रेष्ठ तो कई दिखे असंतुष्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम को बने हुए लंबा समय हो गया है, पर कानून व्यवस्था की स्थिति और अन्य प्रकरणों को लेकर अब पार्षद अपनी ही सरकार के खिलाफ मुखर हो रहे हैं। गुरुवार को दैनिक करंट क्राइम ने नगर निगम के पार्षदों से उनके इलाके की कानून व्यवस्था का सवाल पूछा, तो पार्षदों की मिली जुली राय भी सामने आई है। कुछ पार्षद कानून व्यवस्था से बेहद संतुष्ट नजर आए, तो कुछ ने इसकी आलोचना भी की है। दैनिक करंट क्राइम की बातचीत जिन पार्षदों से हुई उनकी बात प्रकाशित की जा रही है। प्रस्तुत है प्रमुख पार्षदों की बात।



### क्षेत्रीय कानून व्यवस्था ठीक : अमित त्यागी



करंट क्राइम । बीजेपी के वार्ड-47 से पार्षद अमित त्यागी का कहना है कि उनके वार्ड में कानून व्यवस्था की स्थिति ठीक है। पुलिस के द्वारा समय-समय पर चेकिंग अभियान चलाया जाता है। पुलिस सत्यापन काम भी होता है। साथ ही अगर जनप्रतिनिधि होने के नाते वह पुलिस को संबंधित कोई शिकायत एवं कार्रवाई करने के लिए फोन या पत्र लिखते हैं तो उसे पर भी अधिकारियों का जवाब आता है। वह अपने इलाके की कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर संतुष्ट हैं पर उन्होंने बीते दिनों पार्षद पर जिस तरीके से गंभीर धारों में मुकदमा दर्ज किया गया था उसको लेकर नाराजगी जाहिर की है।

### कानून व्यवस्था में होना चाहिए और सुधार : मनोज त्यागी



**करंट क्राइम ।** भारतीय जनता पार्टी वार्ड-56 चिरंजीव विहार अवंतिका से पार्षद मनोज त्यागी का कहना है कि कानून व्यवस्था की स्थिति में और सुधार होना चाहिए। कमिश्नरी सिस्टम बनने के बाद गाजियाबाद मेट्रोपॉलिटन सिटी हो गया है। इसको लेकर और सुरक्षा मजबूत होनी चाहिए। महिलाओं से लेकर आमजन में सुरक्षा की भावना बढ़ानी चाहिए। अधिकारियों की ओर से की जाने वाली जनसुनवाई भी बेहतर बने और लोग पुलिस से खुलकर अपनी बात कर सके।

### कानून व्यवस्था ठीक, पर अधिकारियों का रवैया खराब : शीतल चौधरी



**करंट क्राइम ।** भारतीय जनता पार्टी की वार्ड-09 से पार्षद शीतल चौधरी का कहना है कि कानून व्यवस्था की स्थिति तो पिछली सरकार की तुलना में इस बार बेहतर है, लेकिन अधिकारियों को रवैया ठीक नहीं है। उन्होंने बीते दिनों विधायकों की सुरक्षा हटाने और पार्षदों के प्रकरण में पुलिस की तानाशाही को लेकर नाराजगी जाहिर की है। पार्षद शीतल ने कहा है कि पुलिस के अधिकारियों का जो व्यवहार है, वह संतोषजनक नहीं है। पुलिस के शीर्ष अधिकारी जनता और जनप्रतिनिधियों से मिलने में कतराते हैं यह ठीक नहीं है। उन्होंने कहा है कि कानून व्यवस्था की स्थिति तो मुख्यमंत्री की वजह से बेहतर चल रही है।

### कानून व्यवस्था ठीक, कुछ कमियां तो रहती ही हैं : नीरज गोयल



**करंट क्राइम।** भारतीय जनता पार्टी के वार्ड-88 से पार्षद नीरज गोयल का कहना है कि कानून व्यवस्था की स्थिति तो ठीक है, पर सिस्टम में कुछ कमियां तो रहती ही हैं। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर बीते दिनों अधिकारियों के कुछ निर्णय ठीक नहीं रहे। जिस तरीके से पार्षद प्रकरण में रवैया था वह असंतोषजनक था लेकिन कानून व्यवस्था की स्थिति सरकार में मजबूत हुई है। कुछ कमियां हैं उनको भी जनप्रतिनिधि दूर करवाने के लिए अपने स्तर से प्रयास कर रहे हैं।

### योगी सरकार में अधिकारियों को नहीं है डर: कुसुम गोयल



**करंट क्राइम ।** पार्षद कुसुम गोयल ने बताया कि वार्ड 72 कौशांबी में आए दिन झगड़े, लूट और चोरी होते हैं, कई जगह बार चल रहे हैं। इसकी शिकायत कई बार पुलिस अधिकारियों को की है, लेकिन कुछ दिन बाद फिर वही स्थिति हो जाती है। पार्षद ने कहा जब ऊपर के अधिकारी नहीं सुनते तो छोटे अधिकारी कहां कानून का पालन कर पाते हैं।

### वार्ड-81 में नहीं है तीन माह से चौकी इंचार्ज : धीरज अग्रवाल



**करंट क्राइम ।** पार्षद धीरज अग्रवाल का कहना है कि वार्ड में कानून व्यवस्था तो जब संतुष्ट रहेंगी जब चौकी इंचार्ज चौकी पर हो। इंदिरापुरम की वार्ड 81 में तीन माह से चौकी इंचार्ज नहीं है। आए दिन झटमारी, झगड़ों की घटना होती रहती हैं, हाल ही में मंगल चौक पर बुजुर्ग महिला से सम्मोहन करके उससे गहने ले गए थे ।

### वार्ड-99 में नहीं है कोई पीसीआर: प्रीति जैन



**करंट क्राइम ।** वार्ड में कानून व्यवस्था को लेकर क्षेत्रीय पार्षद प्रीति जैन का कहना है, कि वार्ड में एक भी पीसीआर तैनात नहीं है। आए दिन झगड़े होते हैं। झपटमारी होती रहती है। उन्होंने कहा इस मामले को लेकर एसीपी और डीआईजी को भी वैभव खंड में चौकी खोलने की मांग की थी। लेकिन अभी तक उस पत्र पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

### वार्ड में कानून व्यवस्था से हम संतुष्ट हैं: शिल्पा चौधरी



**करंट क्राइम ।** वार्ड में कानून व्यवस्था को लेकर जब क्षेत्रीय पार्षद वार्ड 61 की शिल्पा चौधरी से बात की गई, तो उन्होंने कहा हमारे वार्ड में कानून व्यवस्था ठीक है, और हम संतुष्ट हैं। क्योंकि हमारे पास ना ही कोई झगड़ा के लिए आता है, और ना ही कोई कानून से संबंधित समस्या को लेकर आता है। योगी सरकार में कानून व्यवस्था एकदम ठीक है, हम पूरी तरह संतुष्ट हैं।

### कानून व्यवस्था से 70% संतुष्ट हूं :मदन राय



**करंट क्राइम ।** वार्ड 86 के पार्षद मदन राय ने बताया कि वार्ड में कानून व्यवस्था ठीक है और हम 70 प्रतिशत तक कानून व्यवस्था से संतुष्ट हैं। उन्होंने कहा अधिकारी हो या चौकी इंचार्ज हर कोई सुन लेता है। लोगों की समस्या कभी नहीं आई, टकराव की स्थिति कई काम ऐसे पड़े हैं, जिन्होंने फोन पर ही किया है। लोगों की समस्या का समाधान हो रहा है इसीलिए संतुष्ट हैं। ।

# अगर उपचुनाव में भी नहीं खिला इन वरिष्ठों की उम्मीदों का फूल
# फिर समय बीतेगा और मार्गदर्शक मंडल ही करना होगा इन्हें कबूल

वरिष्ठ संवाददाता

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति का समय का बड़ा महत्व होता है। राजनीति में एक दौर था जब आयु को लेकर नियम नहीं थे। जब आयु से बड़ी वरिष्ठता थी और ऐज फैक्टर टिकट पर भारी नहीं पड़ता था। लेकिन समय के साथ ये नियम भी बदला और फूल वालों के यहां कई रूल बदले हैं। भाजपा में ऐज फैक्टर है, वरिष्ठता का पैमाना है लेकिन अधिक वरिष्ठता और कम जिम्मेदारी भी राजनीति में अच्छी नहीं मानी जाती। भाजपा के ही कई वरिष्ठ नेता बताते हैं कि जब हम खुद को पार्टी के ही नेताओं के सामने वरिष्ठ बताते हैं तो वो हमें रिटायर वाली दृष्टि से देखते हैं।

देवतुल्य वाला शब्द मंच पर होता है लेकिन दर हकीकत उम्र के इस दौर में खुद को भाजपा कार्यकर्ता बताने पर वो इस दृष्टि से देखते हैं अब तक कार्यकर्ता हो इसका मतलब परफोर्मेंस ठीक नहीं है। अब उन्हें कौन बताये कि सारी उम्र कमल खिलाने में गुजरी है। अब भाजपा में ऐज एक फैक्टर है और यहां एक आयु के बाद टिकट वाला सीन बिकट हो जाता है। ऐसे में भाजपा की वरिष्ठ नेताओं के सामने भी ये सवाल है कि अगर इस पारी में भी कोई जिम्मेदारी नहीं मिली तो फिर भाजपा के मार्गदर्शक मंडल में ही बैठना कबूल करना होगा।

अगर उपचुनाव में भी वरिष्ठ नेताओं की उम्मीदों का फूल नहीं खिला तो कब खिलेगा। ये पुराने नेता है और अगर मौका नहीं मिला तो फिर तीन साल बीत जायेंगे और तब तक मार्ग दर्शक मंडल में बैठने की नौबत आ जायेगी।

### नए फार्मेट में नए नेता तो हुए सैट और पुराने कर दिये फॉरगेट

**करंट क्राइम।** भाजपा के कई पुराने नेताओं की ये पीड़ा भी है कि उन्होंने उम्रभर भाजपा के लिए काम करने का बीड़ा उठाया। लेकिन जब सत्तावाली बेला आई तो भाजपा की बेल पर नए पत्ते आ गये। नए फार्मेट में नए चेहरे सेट हो गये और वरिष्ठता साइड में हो गई। मंत्री वाली कुर्सी से लेकर संगठन वाले पद पर नए भाजपाईयों को मौका मिला। वरिष्ठता से ज्यादा नए समीकरण चले और नतीजा ये हो गया कि नए फार्मेट में नए चेहरे सैट हो गये। पार्टी ने अपने पुराने चेहरों को भुला दिया। पुराने कार्यकताओं की नाराजगी हालांकि लोकसभा चुनाव में भी देखने को मिली है और वरिष्ठों के सामने उपचुनाव से लेकर ये मौका है कि अगर अब चुनाव नहीं लड़ाया तो फिर तीन साल बाद कई नेता मार्गदर्शक मंडल में ही बैठ जायेंगे।

### बृजपाल तेवतिया की हार का अंतर था कम लेकिन फिर नहीं मिला मौका



**करंट क्राइम।** बृजपाल तेवतिया राजनीति के पुराने खिलाड़ी हैं। नगर निगम पार्षद रहे हैं और विधानसभा चुनाव लड़ चुके हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि मुरादनगर से उनकी फाईट मजबूत रही थी। बृजपाल तेवतिया की हार जीत का अंतर ही तीन हजार वोट का था। जब कि अतुल गर्ग और सुनील शर्मा की हार का अंतर आठ से दस हजार वोटों का था। मगर जब चुनाव का मौका आया तो अतुल गर्ग और सुनील शर्मा को तो पार्टी ने चुनाव लड़ने का मौका दिया और बृजपाल तेवतिया जो महज तीन हजार के वोटों के अंतर से हारे थे उन्हें पार्टी ने चुनाव नहीं लड़वाया। बृजपाल तेवतिया पर जानलेवा हमला भी हुआ था लेकिन यहां सिम्पैथी फैक्टर भी काम नहीं आया और इसके बाद भाजपा की सरकार आ गई मगर दर्जा प्राप्त मंत्री से लेकर कोई सरकारी जिम्मेदारी उन्हें नहीं मिली। भाजपा का ये मजबूत जाट नेता अपने नंबर की प्रतीक्षा कर रहा है।

### वैश्य कार्ड और वरिष्ठता की कसौटी पर कितना है अशोक गोयल का नाम



(करंट क्राइम)। अशोक गोयल पुराने भाजपाई हैं और उम्र भाजपा का झंडा उठाते गुजरी है। बड़े दरबारों में परिचय है लेकिन सरकारों में स्थान नहीं बना पाये है। व्यापारी फोरम का एक पद जरूर मिला। जिसे उनके समर्थक तो दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री का बताते हैं कि लेकिन कलैक्ट्रेट के रिकार्ड इसे झुटलाते हैं। वैश्य समाज की बात करें तो अशोक गोयल सबसे वरिष्ठ भाजपाई हैं। टिकट की दावेदारी में भी रहते हैं और भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में हैं। अभी तक खुद उपचुनाव के लिए टिकट नहीं मांगा है लेकिन अशोक गोयल भी टिकट वाली दावेदारी में बताये जाते हैं।

### क्या मास्टर अमरदत्त शर्मा को मिलेगा चुनावी मौका



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मास्टर अमरदत्त शर्मा पुराने भाजपाई हैं और उनकी विचारधारा में भाजपा है। भाजपा के कार्यक्रमों में सक्रिय रहते हैं। जिलाध्यक्ष भी रहे हैं। पार्टी ने उनके पुत्र कपिल वशिष्ठ को नामित पार्षद बनाया था। भाजपा के ब्राह्मण नेताओं में मास्टर अमरदत्त शर्मा की वरिष्ठता सर्वोपरि है। लेकिन क्या भाजपा शहर उपचुनाव में अपने वरिष्ठ नेता को चुनाव लड़ने का मौका देगी। क्या उनके नाम पर भी विचार होगा।

### सियासी चुनाव लड़वाने वाले विजय मोहन को कब मिलेगा चुनाव लड़ने का मौका



**(करंट क्राइम)।** विजय मोहन भाजपा के पुराने निष्ठावान कार्यकर्ता हैं। उन्हें भाजपा का एन्साईक्लोपीडिया भी कहा जाता है। शानदार वक्ता हैं। वरिष्ठता की आयुसीमा में आते हैं। पूरी भाजपा जानती है कि विजय मोहन पूरे दिल-ओ-जान से भाजपा उम्मीदवार को चुनाव लड़वाते हैं। पार्टी के लिए उन्होंने डंडे भी खाये हैं। सुनील शर्मा जब विधायक बने थे तो एसएसपी नवीन अरोड़ा वाले विवाद में विजय मोहन का बलिदान सबको याद है। विजय मोहन की ये खूबी है कि चुनाव में उनके भीतर का कार्यकर्ता बाहर आता है और पार्टी के उम्मीदवार को चुनाव लड़ाता है। राजनीतिक ईमानदार कोई उनसे सीखे। जब सीट महिला आरक्षित हुई तो उन्हें टिकट मिला और वो खुद जाकर पार्टी कार्यालय में सिम्बल लौटाकर आये थे। जब उन्हें वर्ष 2017 वाली सरकार में कोई पद मिला तो उन्होंने इसे अपने कद से कमतर बताया और सम्मान के साथ इस पद को वापस लौटाया। वैश्य समाज के इस समर्पित भाजपाई को क्या उपचुनाव में संगठन मौका देगा।

### कितनी सफल होगी टिकट तपस्या में जगदीश जी की साधना



**करंट क्राइम।** पंजाबी समाज से अलग जाकर भी जगदीश साधना का अपना एक नाम है। स्वच्छ छवि के वरिष्ठ नेता हैं। अनुभव के साथ साथ सौम्य व्यवहार है। टिकट के दावेदार भी हैं और इस बार उन्होंने पंजाबी फैक्टर को जोर शोर से उठाया है। सवाल यही है कि टिकट तपस्या में जगदीश जी की साधना कितनी कामयाब होगी।

### क्या केशव त्यागी के नाम पर भी होगा विचार



**करंट क्राइम।** केशव त्यागी भाजपा के वरिष्ठ नेताओं में हैं। पूर्व में एक चुनाव लड़ चुके हैं। पार्टी ने उन्हें जीडीए बोर्ड सदस्य भी बनाया था। अब जब उपचुनाव की बात है और त्यागी फैक्टर की बात है तो त्यागी फैक्टर के वरिष्ठता क्रम में बालेश्वर त्यागी के बाद ये नाम आता है। बालेश्वर त्यागी चूंकि खुद ही चुनाव न लडने की बात कह चुके हैं तो ऐसे में वरिष्ठता और अनुभव के साथ क्या केशव त्यागी के नाम पर भी विचार होगा।

### जिलाध्यक्ष रह चुके अरविन्द भारतीय की वरिष्ठता पर हो विचार



**करंट क्राइम।** अरविन्द भारतीय भाजपा के जिलाध्यक्ष रहे हैं। वो भाजपा के पुराने कार्यकताओं में हैं और अब ऐज फैक्टर वाले नियम में भी आ रहे हैं। तीन साल बाद वो भी मार्ग दर्शक मंडल वाली स्कीम में आ जायेंगे। पुराने भाजपाई हैं ऐसे में टिकट दावेदारी में उनका नाम भी चल रहा है।

## संपादकीय

# गर्मियों में आक्रामक हो जाता है व्यक्ति

गर्मी दुनिया के हर कोने में अपना कहर बरसा रही है। इस मौसम का तापमान सिर्फ शरीर को ही नहीं बल्कि हमारे दिमाग को भी कई तरीके से प्रभावित करता है। गर्म दिनों में हमारा दिमाग अन्य मौसम की तुलना में अधिक आक्रामक महसूस करता है। ऐसा हम नहीं कह रहे हैं बल्कि हाल ही में सामने आए एक शोध में इस बात का खुलासा हुआ है। शोध के अनुसार, गर्मियों के दिनों में हत्याएं, हमले और घरेलू हिंसा के मामले बढ़ जाते हैं। भारत के कम गर्म वाले इलाकों में भी आग बरस रही है, सऊदी अरब के मक्का और मदीना में गर्मी की वजह से सड़कों पर लाशें बिखरी नजर आ रही हैं। गर्मी की वजह से बरस रहे इस कहर ने लोगों को इसके प्रभाव पर गौर करने पर मजबूर कर दिया है। गर्म मौसम में अगर सही से ध्यान नहीं रखा जाए तो शरीर और सेहत दोनों खराब हो जाती है। गर्मियों में दिल के दौरे, हीट स्ट्रोक और मृत्यु का जोखिम बढ़ जाता है। शरीर और सेहत के साथ भीषण गर्मी दिमाग पर भी बहुत बुरा प्रभाव डालती है। ये हमें चिड़चिड़ा और आक्रामक बनाती है। शोधकर्ताओं ने सबसे पहले अपराध डेटा को देखकर गर्मी और आक्रामकता के बीच संबंध की खोज की, जिसमें पाया गया कि गर्म दिनों में हत्याएं, हमले और घरेलू हिंसा के मामले अधिक होते हैं। यह संबंध अहिंसक कृत्यों पर भी लागू होता है। जब तापमान बढ़ता है, तो लोगों के ऑनलाइन अभद्र भाषा बोलने और ट्रैफिक में अपने हॉर्न बजाने की संभावना बढ़ जाती है। 2019 में एक प्रयोग किया गया, जिसमें कुछ लोगों को गर्म और कुछ लोगों को ठंडे कमरे में बैठकर वीडियो गेम खेलने के लिए बोला गया। इस प्रयोग में पता चला कि जो लोग गर्म कमरे में बैठकर वीडियो गेम खेल रहे थे वह ठंडे कमरे वाले लोगों की तुलना में अधिक आक्रामक थे। वाशिंगटन स्टेट यूनिवर्सिटी में मनोविज्ञान की सहायक प्रोफेसर किम्बर्ली मीडेनबॉयर का मानना है कि बिना सोचे-समझे कार्य करने की आपकी प्रवृत्ति, या खुद को एक निश्चित तरीके से कार्य करने से रोक न पाना, ये चीजें भी गर्मी से प्रभावित होती हैं। जुलाई 2016 में, बोस्टन में ऐसी गर्मी पड़ी थी कि लगातार पांच दिनों तक दिन का तापमान औसतन 92 डिग्री पर पहुंच गया था। कुछ छात्र जो सेंट्रल एयर कंडीशनिंग वाले छात्रावासों में रह रहे थे वह तो इस भीषण गर्मी के प्रकोप से बच गए। लेकिन जो छात्र बिना एसी वाले पुराने छात्रावासों में फंसे हुए थे उनका हाल बुरा हो गया था। ऐसे में हार्वर्ड विश्वविद्यालय के शोधकर्ता जोस गुइलेर्मो सेडेनो लॉरेंट ने इस बात का फायदा उठाया और ये जानने की कोशिश की कि भीषण गर्मी कैसे युवाओं के दिमाग पर असर डालती है। उन्होंने 44 छात्रों को अपने शोध में शामिल किया, जिन्हें उन्होंने तापमान बढ़ने से पांच दिन पहले, पांच दिन के दौरान और इसके दो दिन के बाद तक गणित और आत्म-नियंत्रण परीक्षण करवाए। रटगर्स यूनिवर्सिटी में पर्यावरण और व्यावसायिक स्वास्थ्य और न्याय के सहायक प्रोफेसर सेडेनो ने बताया कि हममें से कई लोग सोचते हैं कि हम गर्मी से प्रतिरक्षित हैं। युवा और स्वस्थ कॉलेज के छात्र गर्मी के बढ़ते तापमान से प्रभावित होते हैं। शोधकर्ताओं ने बताया कि बिना एयर-कंडीशन वाले छात्रावासों में रहने वाले छात्र एसी वाले छात्रों की तुलना में हर सुबह दिए जाने वाले टेस्ट में काफी खराब प्रदर्शन करते थे। बता दें, बिना एयर-कंडीशन वाले छात्रावासों में रहने वाले छात्रों के कमरे का तापमान रात को औसतन 79 डिग्री होता था।

# भारत में 10 में से 8 एमएसएमई बना रहे 2025 में क्लाउड पर खर्च बढ़ाने की योजना




**नई दिल्ली।** भारत में हर 10 में से 8 या 81 प्रतिशत सूक्ष्म, लघु और मध्यम इकाइयां (एमएसएमई) 2025 में अपना क्लाउड पर खर्च में इजाफा कर सकती है। इसकी वजह एमएसएमई द्वारा कस्टमर रिलेशनशिप मैनेजमेंट (सीआरएम), फाइनेंसियल सर्विसेज और बिजनेस इंटेलिजेंस सॉफ्टवेयर में निवेश करना है। गुरुवार को जारी रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। ग्लोबल टेक्नोलॉजी कंपनी जोहो की ओर से जारी की गई रिपोर्ट में बताया गया कि डिजिटलाइजेशन में एमएसएमई को कई मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसमें सॉफ्टवेयर की अधिक लागत, बजट की कमी, एकीकरण और स्किल की कमी शामिल है। देश के विकास में एमएसएमई सेक्टर एक बड़ी भूमिका निभाता है। आने वाले समय में इनकी संख्या 6.3 करोड़ से बढ़कर 7.5 करोड़ पर पहुंचने की उम्मीद है। जोहो के वाइस प्रेसिडेंट मार्केटिंग और कस्टमर एक्सपीरियंस प्रवल सिंह का कहना है कि इस एमएसएमई दिवस पर हम इन इकाइयों की देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका का जश्न मनाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि एमएसएमई के सामने सबसे बड़ी मुश्किल कारोबार बड़ा करने के लिए सही सॉल्यूशन न होना है। रिपोर्ट में बताया गया कि 73 प्रतिशत एमएसएमई इकाइयां आने वाले 6 महीने में अपने विकास को लेकर आशावादी हैं। एमएसएमई बड़े स्तर पर कारोबार में तीन चुनौतियों का सामना कर रही हैं, जिसमें आर्थिक अनिश्चितता (54 प्रतिशत), महंगाई (44 प्रतिशत) और स्किल लेबर की कमी (33 प्रतिशत) हैं। एमएसएमई का फोकस डिजिटल अनुभव को मजबूत बनाने को लेकर है। अपनी वृद्धि दर को बढ़ाने के लिए वे आईटी और क्लाउड सॉल्यूशन पर निवेश कर रहे हैं। रिपोर्ट में जानकारी मिली है कि 97 प्रतिशत एमएसएमई का कहना है कि वे अपनी आय 20 प्रतिशत हिस्सा आईटी और क्लाउड सर्विसेज पर खर्च करेंगे।

# एसएमई, एमएसएमई को आगे बढ़ने में मदद कर रहा है फोनपे का भुगतान समाधान




**नई दिल्ली।** विश्व एमएसएमई दिवस हर साल 27 जून को मनाया जाता है। इस मौके पर फोनपे पेमेंट गेटवे (पीजी) ने गुरुवार को भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ को सहारा देने के लिए गहरी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। फोनपे पेमेंट गेटवे ने शेयर किया कि वह पहले से ही टियर 2 शहरों और उससे आगे आधे से अधिक एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) के साथ पीजी समाधान सक्षम करने के लिए काम कर रहा है। मुख्य फोकस रीजनल बिजनेस को सशक्त बनाने पर है।

इससे समावेशी विकास को बल मिलेगा और व्यवसायों को तेजी से विस्तार करने में मदद मिलेगी। ज्यादातर पेमेंट गेटवे 2 प्रतिशत का लेनदेन शुल्क लेते हैं। वहीं फोनपे पीजी के पास नए व्यापारियों के लिए फ्री में शामिल होने के लिए एक विशेष प्रस्ताव है। इस प्रस्ताव में कोई छिपा हुआ शुल्क, सेटअप शुल्क या सालाना रखरखाव शुल्क नहीं है।

इसके अलावा, फोनपे पीजी भरोसेमंद है। यह व्यापारियों के लिए 100 प्रतिशत अपटाइम सुनिश्चित करता है। यह सक्रिय रूप से डाउनटाइम का पता लगाता है और रियल टाइम में लेनदेन को सुनिश्चित करता है। फोनपे पेमेंट गेटवे और ऑनलाइन मर्चेंट्स के प्रमुख अंकित गौर ने कहा, ₹इस विश्व एमएसएमई दिवस पर, फोनपे पीजी पूरे भारत में एमएसएमई और एसएमई को सशक्त बनाने के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता दोहराता है। हम टियर 2, टियर 3 शहरों और उससे आगे के व्यवसायों के सामने आने वाली चुनौतियों को समझते हैं। बिना बाधा के पेमेंट समाधान कर और वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देकर हम उन्हें नए ग्राहकों और बाजारों तक पहुंचने में सक्षम बना रहे हैं, जो पहले पहुंच से बाहर थे।

उन्होंने आगे कहा, हमारे पास ऑनबोर्डिंग के बाद से पहले तीन महीनों के लिए शून्य लेनदेन लागत की एक यूनिक पेशकश है। ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि अधिक से अधिक एसएमई/एमएसएमई भुगतान गेटवे की ओर से दी जाने वाली सुविधा और सुरक्षा को अपना सकें और उसका उपयोग कर सकें।

# निफ्टी पहली बार 24,000 के पार, सेंसेक्स ने 79,000 छूकर बनाया नया रिकॉर्ड



**मुंबई।** भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार के कारोबारी सत्र में दमदार तेजी देखने को मिल रही है। दिन के दौरान सेंसेक्स और निफ्टी दोनों ने नया ऑल-टाइम हाई बनाया है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के बेंचमार्क निफ्टी ने पहली बार 24,000 का स्तर पार किया और 24,036 का नया उच्चतम स्तर बनाया। वहीं, बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (सेंसेक्स) भी पहली बार 79,000 को पार कर 79,240 अंक के नए रिकॉर्ड स्तर को छू गया। साल 2021 के बाद निफ्टी में अब तक की यह सबसे तेज 1,000 अंकों की रैली है। 23,000 से 24,000 अंक होने में एनएसई के बेंचमार्क को केवल 23 सत्रों का समय लगा। साल 2021 में 16,000 से 17,000 तक पहुंचने में निफ्टी को 19 सत्रों का समय लगा था। इन 1,000 अंकों की रैली के दौरान श्रीराम फाइनेंस में 23 प्रतिशत, अल्ट्राटेक सीमेंट में 12 प्रतिशत, एचडीएफसी बैंक में 12 प्रतिशत, डिविस लेबोरेटरीज में 10 प्रतिशत और महिंद्रा एंड महिंद्रा में 10 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। दोपहर 1:20 पर सेंसेक्स 404 अंक या 0.51 प्रतिशत की तेजी के साथ 79,078 और निफ्टी 116 अंक या 0.49 प्रतिशत की तेजी के साथ 23,984 पर था। सेक्टर के हिसाब से देखें तो आईटी, ऑयल एंड गैस और एफएमसीजी सेक्टर में तेजी है। वहीं, पीएसयू बैंक, ऑटो, फार्मा और मीडिया में दबाव के साथ कारोबार हो रहा है। अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो, जेएसडब्ल्यू स्टील, इंफोसिस, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, टीसीएस और कोटक महिंद्रा बैंक टॉप गेनर्स हैं। एलएंडटी, मारुति सुजुकी, सन फार्मा, इंडसइंड बैंक और बजाज फाइनेंस टॉप लूजर्स हैं।

# भारत की डेटा सेंटर क्षमता में 5 गुना का हो सकता है इजाफा : रिपोर्ट



**नई दिल्ली।** डिजिटाइजेशन से डेटा के बढ़ते उपयोग के कारण भारत के डेटा सेंटर की क्षमता में आने वाले साल में 5 गुना का इजाफा हो सकता है। गुरुवार को जारी की गई एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। रिपोर्ट में बताया गया कि देश को नियोजित 2.32 गीगावाट की डेटा सेंटर क्षमता के अलावा 1.7 से लेकर 3.6 गीगावाट के अतिरिक्त डेटा सेंटर की आवश्यकता है। कुशमैन और वेकफील्ड की रिपोर्ट में अनुमान जताया गया है कि भारत 2028 तक प्रति वर्ष 464 मेगावाट की कोलोकेशन डेटा सेंटर क्षमता जोड़ेगा। 2023 की दूसरी छमाही तक देश के शीर्ष सात शहरों में कोलोकेशन डेटा सेंटर क्षमता 977 मेगावाट थी। रिपोर्ट में आगे कहा गया कि 258 मेगावाट की कोलोकेशन डेटा सेंटर क्षमता अकेले 2023 में ही बनाई गई। वहीं, 2022 में कुल 126 मेगावाट की डेटा सेंटर क्षमता जोड़ी गई थी। ऐसे में पिछले वर्ष के मुकाबले नई डेटा सेंटर बनाने की रफ्तार में 105 प्रतिशत का इजाफा हुआ है। डेटा सेंटर क्षमता के तेजी से बढ़ने की वजह डेटा आधारित टेक्नोलॉजी का उपयोग, डिजिटलीकरण का तेजी से बढ़ना और बड़े स्तर पर डेटा की खपत को माना जा रहा है। भारत में डेटा की खपत में पिछले कुछ वर्षों में काफी बढ़त हुई है। एक आम भारतीय मोबाइल फोन औसत 19 जीबी से ज्यादा की डेटा खपत करता है। यह पूरी दुनिया में सबसे ज्यादा है। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत में कोलोकेशन डेटा सेंटर्स और क्लाउड फर्म की ओर से चलाए जाने वाले डेटा सेंटर दोनों में बढ़ोतरी हो रही है। पिछले कुछ वर्षों में ये तेजी से बढ़े हैं। अगले पांच वर्षों में भारत में स्मार्टफोन, इंटरनेट, ओटीटी सब्सक्रिप्शन और सोशल मीडिया के उपयोग में काफी तेज वृद्धि देखने को मिल सकती है।

## राशिफल

**मेष:** मानसिक शान्ति रहेगी। अपनी भावनाओं को वश में रखें। कारोबार के लिए यात्रा लाभप्रद रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**वृष:** नौकरी में स्थान परिवर्तन की सम्भावना बन रही हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। परिवार की सुख-सुविधाओं पर खर्च बढ़ सकते हैं।

**मिथुन:** मन में नकारात्मकता से बचें। मानसिक शान्ति के लिए प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**कर्क:** मन अशान्त रहेगा। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें। धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। कुटुम्ब की किसी बुजुर्ग महिला से धन प्राप्त हो सकता है।

**सिंह:** आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। क्षणे रुष्टा-क्षणे तुष्टा की मन स्थिति रहेगी।

**कन्या:** मन में नकारात्मकता का प्रभाव हो सकता है। परिवार का साथ मिलेगा। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**तुला:** धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। परिवार का साथ मिलेगा। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। पिता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

**वृश्चिक:** मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। किसी मित्र का आगमन हो सकता है। वस्त्रों पर खर्च बढ़ सकते हैं। पिता के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

**धनु:** अपनी भावनाओं को वश में रखें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। किसी मित्र के सहयोग से आय के स्रोत विकसित हो सकते हैं।

**मकर:** व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। पारिवारिक समस्याएं परेशान कर सकती हैं। धार्मिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ सकती है। सेहत का ध्यान रखें। खर्च भी बढ़ेंगे।

**कुंभ:** मन प्रसन्न रहेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। कारोबार में किसी मित्र का सहयोग मिल सकता है।

**मीन:** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा।

## चुटकुले

टीचर- एक टोकरी में 10 आम थे 3 सड़ गए तो कितने आम रहे?
छात्र- 10
टीचर- वह कैसे?
छात्र- जो सड़ गए वो भी तो आम ही रहेंगे। सड़ने से केले थोड़ी बन जायेंगे।
छात्र आज वकील है।

---

आंखें आज भी उस चतुर को ढूंढ रही हैं। जिसने बचपन में यह अफवाह फैलाई थी कि मोर का पंख किताब में रखने से विद्या आती है।

---

पति व्हिस्की का एक ग्लास बनाता है और पत्नी से कहता है-
लो पिओ इसे।
पत्नी व्हिस्की चखती है, फिर कहती हैं-
छी-छी, कितनी कड़वी है।
पति- और तू सोचती है कि मैं रोज अय्याशी करता हूं।
जहर के घूंट पीता हूं जहर के।

## रोचक तथ्यों का करंट

- इंसान के दिमाग में लगभग 78 प्रतिशत पानी होता है।
- बुद्धिमान लोग सामान्य लोगों की तुलना में जल्दी गुस्सा हो जाते हैं।
- हिप्पो जब घबराता है तो उसके पसीने का रंग लाल हो जाता है।
- दुनिया का पहला Hospital Train भारत में ही स्तिथ हैं।
- आपको यह बात जानकर हैरानी होगी कि अगर आप को कॉकरोच का सर काट दे तो भी वह हफ्तों तक जिंदा रह सकता है।
- भालू के 42 दांत होते हैं।
- इस पृथ्वी पर करीब 8.7 मिलियन प्रकार की जीवित प्रजातियाँ है, जिनमें से 2.2 मिलियन सिर्फ महासागरों में पाई जाती हैं।
- सुबह के समय रात के मुकाबले हम 1 इंच लम्बे होते हैं।
- अमेरिका में हर सेकंड 100 पाउंड चॉकलेट खाई जाती है।
- दुनिया का सबसे पहला University भारत देश में ही था जिसका नाम Taxilla University था।
- आंख खोलकर की छींक लगाना नामुमकिन होता है।
- गाय सीढ़ी पर आसानी से चढ़ सकती है लेकिन सीढ़ी से उतर नहीं सकती।
- इंसान के पैर के पंजे में कुल 26 हड्डियां होती हैं।

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606315 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।
करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, MoÜ 09899655497
Email: currentcrimenews@gmailÜcom
Website: wwwÜcurrentcrimeÜcom

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364
सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी



# पहली बार आईसीसी टूर्नामेंट के फाइनल में द. अफ्रीका, छह बार फाइनल से चूके

## 32 साल तक चोकर्स कहे गए



**त्रिनिदाद।** दक्षिण अफ्रीका ने गुरुवार को अफगानिस्तान के खिलाफ नौ विकेट से पहला सेमीफाइनल मैच जीतकर फाइनल में जगह बना ली। इसी के साथ टीम ने खुद पर लगे चोकर्स के दाग को मिटा दिया। यह पहला मौका है जब अफ्रीकी टीम फाइनल में पहुंच गई है। फाइनल मैच 29 जून को बारबाडोस में खेला जाएगा। 32 साल में पहली बार आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका को जीत मिली है। इससे पहले सेमीफाइनल में टीम आठ (1992, 1999, 2007, 2009, 2014, 2015, 2023, 2024) बार पहुंची जहां उन्हें छह बार हार का सामना करना पड़ा। वहीं, 1999 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला गया एक मैच टाई हो गया था।

### टी20 विश्व कप 2007 में सुपर-8 से बाहर हुई द. अफ्रीका

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच टी20 विश्व कप 2007 का सुपर-8 का आखिरी मुकाबला खेला गया था। इस मैच में भारतीय टीम ने उन्हें 37 रनों से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई थी। पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया ने रोहित शर्मा की नाबाद 50 रनों की तूफानी पारी की बदौलत 20 ओवर में पांच विकेट पर 153 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका 20 ओवर में नौ विकेट पर सिर्फ 119 रन ही बना सकी थी। इस मैच में आरपी सिंह ने चार विकेट हासिल कर विरोधियों की कमर तोड़ी थी। ग्रुप ई का हिस्सा रही दक्षिण अफ्रीका ने सुपर-8 में कुल तीन मैच खेले थे। इनमें उन्हें दो में जीत और एक में हार का सामना करना पड़ा था जबकि ग्रुप स्टेज पर उन्होंने अपने दोनों मैच जीते थे।

### टी20 विश्व कप 2010 में सुपर-8 से बाहर हुई द. अफ्रीका

ग्रुप स्टेज पर दो मैचों में एक मुकाबला जीतने के बाद दक्षिण अफ्रीका सुपर-8 में पहुंची थी। यहां उन्हें तीन मैचों में सिर्फ एक जीत मिली जबकि दो में हार का सामना करना पड़ा। दक्षिण अफ्रीका को सुपर-8 के अपने आखिरी मैच में पाकिस्तान के हाथों करारी शिकस्त मिली थी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की टीम ने उमर अकमल की 51 रनों की पारी की बदौलत 20 ओवर में सात विकेट पर 51 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका 20 ओवर में सात विकेट पर सिर्फ 137 रन ही बना सकी थी। उन्हें इस मैच में 11 रनों से हार का सामना करना पड़ा था जिसकी वजह से वह टूनार्मेंट से बाहर हो गई थी।

### टी20 विश्व कप 2014 में सेमीफाइनल से बाहर हुई द. अफ्रीका

टी20 विश्व कप 2014 में दक्षिण अफ्रीका ने पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। हालांकि, भारत ने उनकी फाइनल में पहुंचने की उम्मीदों पर पानी फेर दिया था। मीरपुर में खेले गए दूसरे सेमीफाइनल मैच में दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में चार विकेट पर 172 रन बनाए थे। जवाब में भारतीय टीम ने विराट कोहली की नाबाद 72 रनों की तूफानी पारी की बदौलत 19.1 ओवर में चार विकेट पर 176 रन बनाए थे और छह विकेट से जीत दर्ज की थी। ग्रुप-1 में रही इस टीम ने चार में से तीन मैचों में जीत दर्ज की थी।

### टी20 विश्व कप 2016 में सुपर-10 से बाहर हुई द. अफ्रीका

सुपर 10 के ग्रुप-1 में रही दक्षिण अफ्रीका को चार में से दो मैचों में जीत मिली थी जबकि दो में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। सुपर-10 के आखिरी मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को श्रीलंका के खिलाफ आठ विकेट से जीत मिली थी। इसके बावजूद नेट रनरेट की वजह से वह क्वालिफाई नहीं कर पाई थी।

### टी20 विश्व कप 2021 में सुपर-12 से बाहर हुई द. अफ्रीका

दक्षिण अफ्रीका ने टी20 विश्व कप 2021 में सुपर-12 का आखिरी मुकाबला इंग्लैंड के खिलाफ जीता था। इसके बावजूद वह सेमीफाइनल के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई थी। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका ने 20 ओवर में दो विकेट पर 189 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 179 रन ही बना सकी थी। अफ्रीकी टीम को इस मुकाबले में 10 रनों से जीत मिली थी। पांच मैचों में चार जीत के बावजूद उनका नेट रनरेट +0.739 ही रहा था जिसकी वजह से वह ग्रुप स्टेज से ही बाहर हो गई थी।

### टी20 विश्व कप 2022 में सुपर-10 से बाहर हुई द. अफ्रीका

टी20 विश्व कप 2022 में दक्षिण अफ्रीका को ग्रुप-2 में उनके आखिरी मुकाबले में नीदरलैंड्स ने 13 रनों से हराया था। नीदरलैंड्स ने 20 ओवर में चार विकेट पर 158 रन बनाए थे। जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 145 रन बनाए थे। ग्रुप स्टेज पर उन्हें पांच मैचों में सिर्फ दो में ही जीत मिली थी। वहीं, तीन में उन्हें हार का सामना करना पड़ा था।

### टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल में द. अफ्रीका की जीत

दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान के बीच टी20 विश्व कप 2024 का पहला सेमीफाइनल मैच खेला गया। इसमें दक्षिण अफ्रीका ने नौ विकेट से ऐतिहासिक जीत दर्ज की और 32 साल बाद फाइनल में एंट्री की। मौजूदा टूनार्मेंट में भारत के अलावा दक्षिण अफ्रीका दूसरी ऐसी टीम है जिसने अपने सभी मुकाबले अब तक जीते हैं। अफगानिस्तान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 11.5 ओवर में 10 विकेट पर 56 रन बनाए।जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने 8.5 ओवर में एक विकेट पर 60 रन बनाए और मौजूदा टूनार्मेंट के फाइनल में पहुंचने वाली पहली टीम बन गई।

# रांची में युवा क्रिकेटरों ने कहा, इंग्लैंड के खिलाफ 'हिटमैन' रोहित जड़ेंगे शतक



**रांची।** टी20 विश्व कप 2024 के दूसरे सेमीफाइनल में गुरुवार को भारत का सामना इंग्लैंड के खिलाफ होना है, जिसके हाथों उसे पिछले टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में हार मिली थी। ऐसे में रोहित शर्मा एंड कंपनी इंग्लैंड से उस हार का बदला लेने उतरेगी। भारत और इंग्लैंड के बीच यह मैच शाम आठ बजे प्रोविडेंस स्टेडियम, गुयाना में खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच मौजूदा टूनार्मेंट में यह पहली टक्कर होगी। गुयाना में इस समय मौसम खराब है। मैच के वक्त भी गुयाना में बारिश की 75 प्रतिशत आशंका है और कोई रिजर्व-डे भी नहीं है। हालांकि, मैच रद्द होने पर भी टीम इंडिया को कोई नुकसान नहीं होगा और टेबल टॉपर होने के कारण टीम सीधे फाइनल में प्रवेश करेगी। टीम इंडिया की जीत के लिए देशभर में दुआओं और प्रार्थनाओं का दौर जारी है। इसके लिए जगह-जगह पूजा-पाठ और हवन कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं, कुछ युवा क्रिकेटरों में भी गजब का उत्साह देखने को मिला। रांची के कुछ स्थानीय युवा क्रिकेटरों ने इस रोमांचक मुकाबले को लेकर आईएएनएस से अपनी प्रतिक्रिया शेयर की। एक युवा क्रिकेटर ने कहा, इंग्लैंड के खिलाफ हार्दिक पांड्या और किंग कोहली दमदार प्रदर्शन करेंगे। वहीं, हिटमैन रोहित शर्मा भी शानदार फॉर्म है। इसलिए भारत एक आसान जीत दर्ज करेगा। एक अन्य स्थानीय फैन ने कहा, टीम इंडिया से हमें बस यही उम्मीद है कि इस बार वो ट्रॉफी के साथ देश लौटे। 2013 के बाद से अब तक हमारा हाथ खाली है और इस बार हमारे पास मौका है आईसीसी ट्रॉफी जीतने का। अगर विराट का बल्ला इंग्लैंड के खिलाफ चलता है, तो टीम इंडिया और मजबूत स्थिति में रहेगी। एक अन्य युवा क्रिकेटर ने कहा, रोहित शर्मा शतक लगाएंगे इसमें कोई शक नहीं है। विराट फॉर्म में नहीं है इसलिए उनकी परफॉर्मेंस पर कुछ कहा नहीं जा सकता। गेंद से जसप्रीत बुमराह धमाल करेंगे। मौजूदा टूनार्मेंट में दोनों टीमों की फॉर्म की बात करें तो इंग्लैंड के मुकाबले भारतीय टीम मजबूत दिख रही है। चाहे ग्रुप स्टेज हो या सुपर-8 इंग्लिश टीम को उलटफेर का शिकार होना पड़ा जबकि टीम इंडिया टूनार्मेंट में अब तक अजेय रही है। टी20 विश्व कप 2024 की पहली फाइनलिस्ट दक्षिण अफ्रीका की टीम है। गुरुवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में अफ्रीकी टीम ने एकतरफा मुकाबले में अफगानिस्तान को टूनार्मेंट से बाहर कर दिया। अब उसका मुकाबला खिताबी जंग में भारत बनाम इंग्लैंड सेमीफाइनल-2 के विजेता से 29 जून को होगा।

# भारत-इंग्लैंड मैच को लेकर फैंस में जबर्दस्त उत्साह, कहा- बारिश नहीं होगी और जीतेगी टीम इंडिया

**प्रयागराज।** टी20 विश्व कप 2024 में भारतीय टीम ने दमदार प्रदर्शन किया है। विजयरथ पर सवार रोहित एंड कंपनी आगे भी इस फॉर्म को कायम रखते हुए इस बार ट्रॉफी के साथ देश लौटना चाहेगी। वैसे तो सेमीफाइनल मुकाबले पर बारिश का खतरा है, लेकिन भारतीय टीम के लिए यह टेंशन की बात नहीं है। भारत और इंग्लैंड के बीच गुरुवार को टी20 विश्व कप 2024 का दूसरा सेमीफाइनल प्रोविडेंस स्टेडियम, गुयाना में भारतीय समयानुसार रात आठ बजे से खेला जाएगा। दोनों टीमों के बीच मौजूदा टूनार्मेंट में यह पहली टक्कर होगी। इस मैच को लेकर भारतीय फैंस में काफी उत्साह है। पहले सेमीफाइनल में अफगानिस्तान पर दक्षिण अफ्रीका की 9 विकेट की शानदार जीत के बाद, अब ध्यान गुरुवार को गुयाना के प्रोविडेंस



स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल पर है।

टीम इंडिया को अंग्रेजों से पुराना हिसाब भी चुकता करना है। दरअसल, टी20 विश्व कप 2022 में 10 नवंबर 2022 को अंग्रेजों ने न केवल भारतीय फैंस का दिल तोड़ा था, बल्कि भारतीय टीम को एक शर्मनाक हार झेलनी पड़ी थी। अब भारत के पास मौका है, हर हिसाब चुकता करने का। इस बीच जानकारी मिल रही है कि गुयाना में खराब मौसम इस महत्वपूर्ण मैच में खलल डाल सकता है। गुयाना में मैच के समय बारिश होने की संभावना है। हालांकि, मैच रद्द होने की स्थिति में भारत टेबल टॉपर होने के कारण सीधे फाइनल में पहुंच जाएगा। मगर हर कोई चाहता है कि बारिश न हो और मैच पूरा खेला जाए। इसी को लेकर प्रयागराज में भारतीय क्रिकेट फैंस ने बारिश न होने की उम्मीद के साथ ही भारत की जीत के लिए हवन पूजन किया और भगवान से प्रार्थना की।

एक स्थानीय फैन, अंकुर शर्मा (तीर्थ पुरोहित) ने कहा, तीर्थ पुरोहित के समाज के लोगों ने सेमीफाइनल मुकाबले पर बारिश के खतरे को टालने के लिए वैदिक अनुष्ठान किया है। उम्मीद है कि भारत इस मुकाबले को जीतेगा। एक अन्य स्थानीय फैन ने कहा,मौसम विभाग ने भारत और इंग्लैंड के मुकाबले पर बारिश का खतरा बताया है। इसलिए हमने प्रभु श्री राम से प्रार्थना की है बारिश न हो और भारत यह मुकाबला जीते। यहां 11 ब्राह्मणों ने अनुष्ठान किया है, हमें पूरी उम्मीद है इसका लाभ हमारी टीम को जरूर मिलेगा।

# लेस्टरशायर के लिए वनडे कप और काउंट्री चैंपियनशिप खेलेंगे रहाणे



**नई दिल्ली।** अजिंक्य रहाणे ने काउंटी सीजन का दूसरा चरण खेलने के लिए लेस्टरशायर के साथ करार किया है। वह क्लब के वनडे कप अभियान और काउंटी चैंपियनशिप के पांच मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। 36 वर्षीय रहाणे ने पिछले वर्ष वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल में जगह पाने से पहले लेस्टरशायर के लिए खेलने पर अपनी सहमति प्रदान की थी। इसके बाद वह वेस्टइंडीज के टेस्ट दौरे पर गए और इसलिए 2023 में काउंटी का हिस्सा नहीं बन पाए। लेस्टरशायर के क्रिकेट निदेशक क्लाउड हेंडरसन ने कहा,अजिंक्य रहाणे जैसे खिलाड़ी का जुड़ना हमारे लिए काफी उत्साहित होने वाला क्षण है। दुर्भाग्यवश पिछले वर्ष अजिंक्य का शेड्यूल हमसे मेल नहीं खा पाया। लेकिन वह मौजूदा सीजन के दूसरे चरण में हमसे जुड़ रहे हैं, इससे टीम को काफी लाभ मिलेगा। रहाणे ने वेस्टइंडीज दौरे पर दोनों टेस्ट मैच खेले थे लेकिन इसके बाद उन्हें भारतीय टीम में दोबारा जगह नहीं मिली। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उन्होंने 45.76 की औसत से 13000 से अधिक रन बनाए हैं। जबकि लिस्ट ए क्रिकेट में 39.42 की औसत से उनके नाम 6745 रन हैं। रहाणे ने कहा, लेस्टरशायर के लिए खेलने के लिए एक और अवसर पाकर में काफी उत्साहित हूं। मैं पिछले साल टीम के नतीजे देख रहा था और मैं इससे काफी प्रभावित भी हुआ। मुझे उम्मीद है कि उनके साथ मैं अपनी क्रिकेट का आनंद उठा पाऊंगा और क्लब के लिए योगदान दे पाऊंगा।

# 'टॉस हारना सौभाग्य की बात है', आखिर कप्तान मार्करम ने ऐसा क्यों कहा?

**तारोबा (त्रिनिदाद)।** टी20 विश्व कप 2024 की पहली फाइनलिस्ट टीम दक्षिण अफ्रीका है। सेमीफाइनल में अफगानिस्तान के खिलाफ 9 विकेट की जीत के बाद अफ्रीकी कप्तान एडेन मार्कराम ने एक ऐसा खुलासा किया जिससे टॉस जीतने वाली अफगानिस्तान की टीम का दुख डबल हो जाएगा। इस मुकाबले में अफगानिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। लेकिन उनका यह फैसला उस पर भारी पड़ गया और पूरी टीम स्कोर बोर्ड पर 11.5 ओवरों में मात्र 56 रन जोड़कर पवेलियन लौट गई। जवाब में, क्विंटन डी कॉक (5) के शुरूआती विकेट के बावजूद रीजा हेंड्रिक्स (नाबाद 29 रन) और एडेन मार्कराम (नाबाद 23 रन) की मदद से दक्षिण अफ्रीका ने 9 ओवर के अंदर यह लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया, जिससे वे पहली बार पुरुष विश्व कप फाइनल में पहुंच गए। मैच के बाद मार्कराम ने कहा, अच्छा लग रहा है। यह केवल कप्तान ही नहीं है जो आपको यहां तक पहुंचाता है, यह पूरी टीम का प्रयास है। पर्दे के पीछे भी बहुत सारे लोग हैं। टॉस हारना सौभाग्य की बात है, हम भी पहले बल्लेबाजी ही करते। हमने गेंद के साथ शानदार प्रदर्शन किया। इस मैच में गेंदबाज हमारे लिए अविश्वसनीय रहे। बल्लेबाजी के लिए यह पिच चुनौतीपूर्ण थी। हमें थोड़ी किस्मत का साथ मिला और फिर हमने थोड़ी साझेदारी से जीत दर्ज की। जेनसन को मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने टीम के गेम प्लान की सराहना की और अपने कप्तान की भी प्रशंसा की। तेज गेंदबाज ने कहा, हम सिर्फ अपने गेम प्लान पर फोकस कर रहे थे। पिच से मदद मिल रही थी और हम बस उसका पूरा फायदा उठाना चाहते थे। यह जीत दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट के लिए एक महत्वपूर्ण सफलता है। अब उसका मुकाबला खिताबी जंग में भारत बनाम इंग्लैंड सेमीफाइनल-2 के विजेता से 29 जून को होगा।

# विराट सबसे बड़ा खतरा, लेकिन इंग्लैंड पूरी तरह तैयार : मैथ्यू मॉट

**जॉर्जटाउन (गयाना)।** टी20 विश्व कप की मौजूदा चैंपियन इंग्लैंड गुरुवार को टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल मुकाबले में भारत का सामना करने के लिए तैयार है, लेकिन इंग्लैंड के हेड कोच मैथ्यू मॉट विराट कोहली को लेकर सावधान रहना चाहते हैं। विराट कोहली के लिए यह टूनार्मेंट अब तक ज्यादा अच्छा नहीं रहा है। उन्होंने छह पारियों में सिर्फ 66 रन बनाए हैं, जिसमें उनका हाईएस्ट स्कोर 37 रहा है।लेकिन इंग्लिश टीम के कोच विराट को कम आंकने की गलती नहीं करना चाहेंगे। मैथ्यू मॉट को उम्मीद है कि दाएं हाथ का यह बल्लेबाज सेमीफाइनल में अच्छा प्रदर्शन करेगा। अहम मैचों में विराट हमेशा अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दोहराते हैं। आईसीसी ने मैथ्यू मॉट के हवाले से कहा, विराट ने बहुत लंबे समय में अपनी क्लास साबित की है और वह उन खिलाड़ियों में से हैं, जिनके लिए हमने अच्छी तैयारी की है।



हम जानते हैं कि वह कैसे खेल सकता है और वह हमारे लिए कितना खतरनाक हो सकता है। अब तक टूनार्मेंट में क्या हुआ, उससे कोई फर्क नहीं पड़ता। बड़े मैचों में हमेशा आपके मुख्य खिलाड़ी कमान संभालते हैं। उम्मीद है कि हमारे खिलाड़ी हर चुनौती के लिए तैयार होंगे। गुयाना में होने वाला मुकाबला इंग्लैंड और भारत के बीच 2022 के सेमीफाइनल का रीमैच होगा, जहां इंग्लिश टीम ने एडिलेड ओवल में 10 विकेट से जीत हासिल की थी। हालांकि कैरेबियाई देशों की परिस्थितियां अलग हैं। मॉट का मानना है कि जो टीम इन नई परिस्थितियों के साथ जल्दी से तालमेल बिठा लेगी, वह शीर्ष पर होगी। विराट कोहली ने मौजूदा टूनार्मेंट में अब तक बल्ले से अपनी छाप नहीं छोड़ी है। इंग्लैंड के खिलाफ नॉकआउट मुकाबले में हर किसी की नजर किंग कोहली पर होगी। इस मैच में अगर विराट कोहली का बल्ला चला तो टीम इंडिया के लिए आगे की राह काफी आसान हो सकती है। टी20 विश्व कप 2024 की पहली फाइनलिस्ट दक्षिण अफ्रीका की टीम है। गुरुवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल मैच में अफ्रीकी टीम ने एकतरफा मुकाबले में अफगानिस्तान को टूनार्मेंट से बाहर कर दिया। अब उसका मुकाबला खिताबी जंग में भारत बनाम इंग्लैंड सेमीफाइनल-2 के विजेता से 29 जून को होगा।

# दलबदल कराने के लिए केसीआर को माफी मांगनी चाहिए : रेवंत रेड्डी



**हैदराबाद।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने कहा है कि भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के अध्यक्ष के. चंद्रशेखर राव को मुख्यमंत्री रहते हुए विधायकों के दलबदल कराने के लिए माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि केसीआर को दलबदल के बारे में बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। रेवंत रेड्डी ने दावा किया कि केसीआर ने ही इसकी शुरूआत की और 61 विधायकों और एमएलसी को खरीदा। गुरुवार को दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए, मुख्यमंत्री ने कहा कि बीआरएस सुप्रीमो को तेलंगाना शहीद स्मारक आना चाहिए और दलबदल को बढ़ावा देने के लिए माफी मांगनी चाहिए। रेवंत रेड्डी बीआरएस द्वारा अपने पांच विधायकों के कांग्रेस में शामिल होने को गलत करार देने पर पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। मुख्यमंत्री ने बीआरएस नेताओं के. टी. रामा राव और हरीश राव के बयानों को याद किया कि कांग्रेस सरकार 100 दिनों के भीतर गिर जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं ने भी इसी तरह के बयान दिए हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि हाल के लोकसभा चुनावों में बीआरएस के एक भी सीट नहीं जीतने के बाद भी केसीआर की आंखें नहीं खुली हैं। उन्होंने कहा कि बीआरएस का वोट शेयर गिरकर 16 प्रतिशत रह गया है। उन्होंने दोहराया कि लोकसभा चुनाव में केसीआर ने कांग्रेस को हराने के लिए भाजपा की मदद की। रेवंत रेड्डी ने कहा कि हाल तक अपने विधायकों को अपने करीब भी नहीं आने देने वाले केसीआर अब अपने फार्म हाउस के दरवाजे खोल दिए हैं। उन्होंने राज्य स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने का निमंत्रण स्वीकार नहीं करने के लिए पूर्व मुख्यमंत्री की आलोचना की। उन्होंने बीआरएस नेताओं के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए पूछा, ?क्या विपक्ष के नेता द्वारा राज्य स्थापना दिवस समारोह में बोलने की कोई परंपरा है? उन्होंने कहा कि केसीआर समारोह में इसलिए शामिल नहीं हुए, क्योंकि उन्हें बोलने का मौका नहीं दिया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी को वरिष्ठ कांग्रेस नेता टी. जीवन रेड्डी के अनुभव और सेवाओं से लाभ मिलेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष ने उनकी पार्टी के एमएलसी जीवन रेड्डी की नाखुशी का फायदा उठाने की कोशिश की। विधान परिषद के सदस्य जीवन रेड्डी ने मुख्यमंत्री द्वारा बीआरएस विधायक एम. संजय कुमार को बिना उनसे सलाह लिए पार्टी में शामिल करने पर नाखुशी जताई थी। कांग्रेस नेतृत्व ने उनकी नाराजगी दूर करने के लिए उन्हें दिल्ली बुलाया। तेलंगाना प्रदेश कांग्रेस कमेटी (टीपीसीसी) के अध्यक्ष रेवंत रेड्डी ने कहा कि पीसीसी अध्यक्ष का कार्यकाल तीन साल का होता है। उन्होंने पहले ही आलाकमान से नया अध्यक्ष नियुक्त करने का अनुरोध किया है। तीन दिनों से दिल्ली में डेरा डाले मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र में नई सरकार के गठन के साथ ही वह राज्य के लिए लंबित फंड को जारी कराने का प्रयास कर रहे हैं।

# सम्राट चौधरी ने तेजस्वी पर लगाया सरकारी बंगला कब्जाने का आरोप, राजद ने दी सफाई




**पटना।** बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव पर सरकारी बंगला पर कब्जा करने का आरोप लगाया है। सम्राट चौधरी के आरोप पर अब राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने जवाब दिया है। राजद प्रवक्ता एजाज अहमद ने कहा कि चुनाव के दौरान सभी लोग थे। चुनाव से संबंधित कार्यो में लगे हुए थे। चुनाव के दौरान आचार संहिता लागू थी, इसमें बांग्ला हड़पने की बात कहां से आ रही है। बांग्ला उनको (सम्राट चौधरी) आवंटित है, वह उसमें जाने के लिए हड़बड़ी में हैं, इतनी हड़बड़ी ठीक नहीं। वह ये समझ लें कि उनके लिए बांग्ला सुरक्षित नहीं रहने वाला है। उन्होंने कहा कि उनके प्रति जनता का जो पेरसेप्सन है, उससे यह स्पष्ट है कि लोग उनके नेतृत्व को पसंद नहीं कर रहे हैं। जिस तरह से वह बयानवीर बने हुए हैं, उसके कारण भाजपा भी उनको पसंद नहीं कर रही है। आने वाले दिनों में वह खुद बंगले में नहीं रहने वाले हैं तो बंगला के लिए क्यों बेचैन हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव नियम के अनुसार हमेशा काम करते हैं। विधानसभा की ओर से कागजात आए हैं, उसी के अनुसार काम होगा, सम्राट चौधरी चिंता नहीं करें। अपने बंगले में जाने के लिए जितना बेचैनी दिखा रहे हैं, यह बेचैनी कहीं न कहीं उनको ही परेशान कर देगी। सम्राट चौधरी बिहार के लॉ एंड ऑर्डर, वित्तीय स्थिति पर ध्यान दें। बिहार में गिर रहे पुल पर बयान दें। बंगले पर बयान देने का मतलब है कि अपनी भलाई के अलावा आप और कुछ नहीं चाहते।

# ओम बिरला से मिले अखिलेश यादव

## दोबारा लोकसभा स्पीकर बनने पर दी बधाई



**नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गुरुवार को ओम बिरला से मुलाकात कर उन्हें दोबारा लोकसभा स्पीकर चुने जाने पर बधाई दी। समाजवादी पार्टी के सांसदों के साथ सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव ने संसद भवन परिसर स्थित लोकसभा अध्यक्ष के चैंबर में जाकर स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राजीव शुक्ला भी मौजूद रहे। 18वीं लोकसभा में दोबारा से स्पीकर चुने जाने के बाद विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता और सांसद लगातार ओम बिरला को बधाई देने के लिए शिष्टाचार मुलाकात कर रहे हैं। लोकसभा स्पीकर ओम बिरला द्वारा विपक्ष के नेता के तौर पर सदन में मान्यता देने की घोषणा के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भी गुरुवार को धन्यवाद कहने के लिए उनसे शिष्टाचार मुलाकात की। लोकसभा अध्यक्ष के साथ राहुल गांधी की मुलाकात के दौरान सपा से डिंपल यादव, डीएमके से कनिमोझी करुणानिधि, राजद से मीसा भारती, एनसीपी (शरद पवार गुट) से सुप्रिया सुले, टीएमसी से कल्याण बनर्जी और आरएसपी से एनके. प्रेमचंद्रन सहित अन्य कई विपक्षी दलों के नेता भी मौजूद रहे। गुरुवार को कार्यवाही के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को उनके द्वारा लोकसभा में विपक्ष के नेता के रूप में मान्यता देने की घोषणा की।

# लोनी की मूक-बधिर विवाहिता बरेली रेलवे स्टेशन से गायब

## पुलिस 9 दिन के बाद भी नहीं लगा पाई सुराग



**लोनी, करंट क्राइम।** लोनी की अंजलि विहार निवासी एक 22 वर्षीय दो बच्चों की मां मूक बधिर एवं बहरी विवाहिता बरेली रेलवे स्टेशन से गायब हो गई। उसकी मां अंजू लता ने बताया कि उसकी पुत्री का नाम काजल है वह शादीशुदा है और दो बच्चों की मां भी है लेकिन उसका पति 3 वर्ष पहले उसे छोड़कर कहीं चला गया। अंजू लता ने बताया कि वह 19 जून को अपने बच्चों के साथ मूल निवास बनारस के रूपपुरा गांव से समर एक्सप्रेस ट्रेन से लोनी के लिए आ रही थी 19 जून की अल सुबह 6:00 बजे ट्रेन बरेली रेलवे स्टेशन पर रुकी लेकिन वह उस समय सो रही थी। स्टेशन से कुछ दूरी पर रेलवे फाटक पर ट्रेन दोबारा फिर रुकी, इसी दौरान काजल ट्रेन से उतर गई। कुछ देर बाद अंजू की आंख खुली तो काजल नहीं थी वह परेशान हो गई और गाड़ी में बैठे लोगों से पछताछ की। गाड़ी में बैठी सवारियों ने बताया कि एक लड़का और एक लड़की फाटक पर ट्रेन रुकने पर ट्रेन से उतर गए थे काफी प्रयास के बाद जब वह नहीं मिली तो अंजू भी बच्चों के साथ ट्रेन से उतर गई और रेलवे पुलिस को सूचना दी। रेलवे पुलिस ने अंजू से शिकायत पत्र तो ले लिया लेकिन मुकदमा आज तक दर्ज नहीं किया। 9 दिन बाद भी पुलिस मूक बधिर लड़की का सुराग नहीं लगा पाई है।

परेशान होकर अंजू लोनी से दोबारा बरेली गई और एसएसपी को शिकायत पत्र दिया लेकिन अभी तक रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। लाचार मां अंजू लता अपनी पुत्री को लेकर मानसिक तनाव में है लेकिन पुलिस ने अभी उसकी रिपोर्ट भी दर्ज नहीं की, सुराग लगाने की तो बात ही अलग है।

# हत्यारोपी कार चालक और उसका भाई गिरफ्तार




**लोनी, करंट क्राइम।** शराब के नशे में मामूली झगड़े के बाद कार मालिक की हत्या की गई थी। पुलिस ने कार चालक और उसके भाई को गिरफ्तार कर लिया है जबकि कार मैकेनिक अभी फरार है। एसीपी सूर्यबली मोर्या ने बताया कि ट्रॉनिका सिटी थाने की अंसल कॉलोनी निवासी चंद्रभान किराए पर कार चलवाते थे। 21 जून को चंद्रभान अपने कार चालक फारुख तथा उसके भाई शाहरुख के साथ कार को ठीक कराने गए थे। कार ठीक होने के बाद चंद्रभान ने फारुख, शाहरुख तथा कार मैकेनिक आदिल के साथ चलती कार में शराब पी। इसी दौरान उनके बीच मामूली बात को लेकर विवाद हो गया। जिस पर फारुख, शाहरुख और आदिल ने चंद्रभान के साथ चलती कार में ही मारपीट की। मारपीट के दौरान चंद्रभान की मौत हो गई जिसके बाद वह चंद्रभान का शव हरियाणा में कुंडली बॉर्डर के पास फेंककर वापस लौट आए। हरियाणा पुलिस ने शव को बरामद कर उसका पोस्टमार्टम कराया और शिनाख्त के लिए मोर्चरी में रख दिया। 26 जून को शव की शिनाख्त होने पर चंद्रभान के पुत्र रवि ने तीनों आरोपियों के विरुद्ध ट्रॉनिका सिटी थाने में हत्या की रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। पुलिस ने हत्यारोपी फारुख तथा शाहरुख को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि कार मैकेनिक आदिल फरार है। आरोपियों के कब्जे से चंद्रभान की कार बरामद कर ली गई है।

### चंद्रभान को ढूंढने का नाटक करते रहे फारुख और शाहरुख

**करंट क्राइम।** 21 जून को चंद्रभान की हत्या के बाद फारुख और शाहरुख रात में अपने घर लौट आए। चंद्रभान घर नही पहुंचे तो उनके बेटे रवि ने ट्रॉनिका सिटी थाने में उनकी गुमशुदगी दर्ज करा दी। 22 जून को रवि के साथ फारुख और शाहरुख चंद्रभान को ढूंढने का नाटक करते रहे, लेकिन दूसरे दिन ही घर का ताला बंद कर परिजनों के साथ फरार हो गए।




### बोला वो निगम वाला हमने मुंह खोला तो हो जायेगा क्लेश बड़े वाला

उस महकमें में तीसरे फ्लोर पर लगी आग बुझ तो गई है लेकिन इस आग का धुंआ अपने साथ कई राज लेकर बाहर आ गया है। थर्ड फ्लोर पर लगी आग में क्या क्या जला है इससे ज्यादा धुंआ तो इस बात को लेकर उठ रहा है कि ये कागजात खुद जले हैं या जलवाये गये हैं। निगम वालों की जुबान पर बात आ गई है तो जाहिर है कि नगर वालों को भी पता चल ही गया होगा। बहरहाल निगम वाले ने ही कहा कि हम ही कोई बुराई लें और हर कोई ये ही सोच रहा है। बड़े साहब तो ठीक हैं लेकिन इस महकमें की कई बातें लीक हो रही हैं। उसने कहा कि हमने अगर मुंह खोला तो हो जायेगा कलेश बड़े वाला लेकिन आप समझ लो कि थर्ड फ्लोर वाली आग में उन वाले अफसर के नाम का धुंआ उड़ रहा है जिन्होने ना जाने कितनी शिकायतों को धुंए में उड़ा दिया है।


### वोट भलें ही हों कुछ हजार लेकिन टिकट तो उनका ही होगा यार

लोकसभा में प्रमोशन तो शहर वालों का हुया है और बाई इलेक्शन शहर वाली सीट पर होना हैं लेकिन दावेदार देहात से लेकर सिटी तक से आ लिया है। सीन ये है कि गांव अभी बसा नही हैं लेकिन एक धोरे से दावेदारी के कटोरे कटोरे ही दिख रहे हैं। लाखों वोटो के पहाड़ के सामने जिनकी वोट भागीदारी ही कुछ हजार की है उन्हे भी टिकट चाहिये। पुराने भाजपाई ने ही कहा कि बाई इलेक्शन में इतना सिलेक्शन नही होता हैं और बचे खुचे कार्यकाल वाले इस टिकट को लाईफ टाईम अवार्ड समझ के ही दे दो। बात फिर भागीदारी की चली तो लखनऊ वाले ने कह ही दिया कि ऐसा है कि भले ही उनके समाज के वोट कुछ हजार ही हों लेकिन टिकट तो उनका होगा ही होगा यार।

### इतने केस हो गये लीक और विधायक जी कहां गई आपकी स्टिंग टीम

वो पहले ऐसे विधायक है जिन्होने स्टिंग उपकरण मंगाए थे और एलान किया था कि अब सब सावधान रहना। विधायकी की पहली पारी में उन्होने स्टिंग ट्रेनिग भी दिलवाई थी और उन्होने एलान किया था कि स्टिंग किया जायेगा। टीम भी मुंबई से आई थी। विधायक जी ने मोर्चा खोला और कई आरोप भी लगाये। कहने वाले ने कहा कि इतनी ओपन जंग में तो स्टिंग का रंग दिखना चाहिये था। एक भी स्टिंग नही हुया और इससे तो ऐसा लग रहा है कि जिले में रामराज आ गया है तभी तो कोई स्टिंग नही हुया। या फिर खाकी वाले विधायक जी की विधानसभा में काफी सजग चल रहे हैं। पूछने वाले पूछ रहे हैं कि इतने केस लीक हो गये और विधायक जी की स्टिंग टीम का पता ही नही है।

# पत्रकार के कार्यालय से बाइक चोरी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में चोरों के हौसले हो रहे हैं। एक पत्रकार के कार्यलय के बाहर से ही उसकी बाइक चुरा ली गई है। मामला थाना वेव सिटी क्षेत्र अंतर्गत डासना स्टैंड, एशियन न्यूज हेड ऑफिस के बाहर का है जहां बीती रात लगभग 10:30 पर रात्रि में पत्रकार का भाई पत्रकार के लिए खाना लेकर आया था। घर जाने के लिए निकला तो देखा कि बाइक गायब है। इधर उधर ढूंढने पर भी बाइक नजर नहीं आई तब 112 पर पुलिस को सूचना दी गई।

पत्रकार चौधरी अफसर ने बताया उनका छोटा भाई उनके लिए रात में खाना लेकर आया था जब वह घर जाने के लिए निकला ऑफिस से तो देखा कि ऑफिस के बाहर से बाइक गायब हो गई है। बाइक का नंबरर यूपी 14 एफ एम 7413 है। आसपास में ढूंढा तो कोई पता नहीं चला तभी 112 पर पुलिस को शिकायत की गई। थाना वेव सिटी में भी तहरीर दे दी गई है।

## डेढ़ लाख बच्चों को मिलेगी विटामिन की खुराक

**हापुड।** हड्डियों के विकास, रतौंधी आदि बीमारियों से कोई भी बच्चा न जूझ सके। इसके लिए जिले के करीब डेढ़ लाख बच्चों को विटामिन-ए की खुराक दी जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभियान का पीपीसी शुभारंभ कर दिया गया है। यह अभियान 26 जुलाई तक लगातार चलाया जाएगा। अभियान के दौरान जिले में शहर से लेकर गांव तक टीकाकरण सत्र आयोजित किए जाएंगे।

### सीएमओ ने किया शुभारंभ

दरअसल, अभियान का शुभारंभ सीएमओ डॉक्टर सुनील कुमार त्यागी ने कोठी गेट स्थित पीपीसी में रीबन काटकर और बच्चे को दवाई पिलाकर किया। उन्होंने कहा कि विटामिन-ए की शरीर में एक अति महत्वपूर्ण भूमिका होती है। यह शरीर के विकास, हड्डियों के विकास, त्वचा और दृष्टि के स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण होता है।

# किशोरी को नशीला पदार्थ सुंघाकर किया दुष्कर्म



**लोनी, करंट क्राइम।** घर से मंदिर जा रही किशोरी को एक युवक बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया तथा नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश करने के बाद उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोप है कि नशे की हालत में वह किशोरी को वापस उसके घर छोड़ गया। पीड़िता ने परिजनों को घटना की जानकारी दी जिसके बाद परिजनों ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए पुलिस को तहरीर दे दी है। लोनी थाने की एक कॉलोनी में रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि तीन माह पूर्व वह दिल्ली के त्रिलोकपुरी इलाके में रहता था। वहां पड़ोस में रहने वाले शिवम का उनके घर आना जाना था मंगलवार सुबह उनकी 17 वर्षीय बेटी पास के मंदिर जा रही थी। इसी दौरान शिवम उसे बहला फुसलाकर अपने साथ ले गया तथा कुछ दूर जाने पर उसे नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया। आरोप है कि शिवम उनकी बेटी को अपने घर ले गया तथा नशे की हालत में उसके साथ दुष्कर्म किया। होश आने पर किशोरी ने शोर मचाया तो उसने दोबारा से उसे नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश कर दिया और दूसरे दिन अलसुबह उसे घर के बाहर छोड़कर फरार हो गया। किशोरी ने परिजनों को घटना की जानकारी दी जिसके बाद गुरुवार को परिजनों ने आरोपी के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए लोनी थाने में तहरीर दे दी है।

### स्वच्छता योद्धा नाला गैंग को किया सम्मानित



**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर पालिका परिषद के तत्वाधान में स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत स्वच्छता योद्धा नाला गैंग को नगर पालिका परिसर में डॉ. शैलेंद्र कुमार सिंह अधिशासी अधिकारी, एसआई अनिल शर्मा और दुर्गेश शर्मा ब्रांड एम्बेसडर द्वारा सम्मानित किया गया। नाला गैंग एक ऐसी गैंग है जो शहर के नालों में उतरकर उनकी सफाई करता है। कड़ी धूप हो, बारिश या सर्दी उनको नालों में उतरकर ही सफाई करनी पड़ती है। ये नाला गैंग बधाई का पात्र है। सबसे ज्यादा मेहनत का कार्य ये लोग करते हैं। दुर्गेश शर्मा ब्रांड एम्बेसडर ने नगरवासियों से अपील की है कि एक बार नाला गैंग को नाले में काम करते जरूर देखें। जब इनको आप देखोगे तो नालों में कूड़ा डालना बंद कर दोगे। इनकी कड़ी मेहनत को देखते हुए इन्हें सम्मानित किया गया है।

### मंदिर का घंटा चोरी कर रहे दो युवक पकड़े

**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के गांव डिडौली में दो युवकों ने मंदिर परिसर से घंटा चोरी कर लिया। ग्रामीणों ने घंटा चोरी कर रहे दोनों युवको को पकड़कर उनकी जमकर धुनाई कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस पूछताछ में पकड़े गए लोगों ने अपना नाम वाजिद व जुबैर निवासी मुरादनगर बताया है। पुलिस ने उनके पास से घंटा बरामद किया है।

### युवक को लोहे की रॉड से वार कर घायल किया

लोनी, करंट क्राइम। लोनी बॉर्डर थाने की संगम विहार कॉलोनी निवासी विपिन कुमार ने बताया कि 10 जून को वह कॉलोनी में ही अपने दोस्त के घर बैठा था। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले भारत ने उसके ऊपर लोहे की रॉड से हमला कर दिया। सिर में चोट लग जाने के कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित ने उपचार के बाद हालत में सुधार आने पर भारत के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करा दी है।




### किस ऑफिस में है आजकल ज्यादा हलचल

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में इन दिनों एक ऑफिस की हलचल बढ़ी हुई बताई जाती है। बताया जाता है कि वहां से बीते कुछ दिनों के अंदर ही कई कार्यालय को नोटिस जारी किए गए हैं। साथ ही उनके कार्यालय के बाहर लगने वाली भीड़ बता रही है कि मामला आज कल कुछ चर्चा वाला चल रहा है। उधर पुलिस वाले सूत्र बता रहे हैं कि जो कार्यालय सालों तक खाली रहता था, उसमें कोई एंट्री नहीं लेता था आजकल वहां सुबह से लेकर शाम तक अलग सीन रहता है। बताया जा रहा है भले वह कानून व्यवस्था के मुद्दे पर ना पहुंचे पर पेपर को लेकर उनका अटैक इन दिनों अपने महकमें के अधिकारियों के बीच में चर्चा का विषय बना हुआ है। उनके कार्यालय से लैटर आते ही कई प्रभारियों और खुद को साहब मानने वाल चेहरों की भी दिन में गर्मी बढ़ जाती है। सुनने में आ रहा है कि बीते दिनों उन्होंने एक के बाद एक कई लैटर भी लिखे थे। उनको एक खास जिम्मेदारी भी सौंप गई थी उसका भी अभी कमिश्नरेट पर कोई असर होता दिखाई नहीं दे रहा है। हापुड़ चुंगी वाली जो लाइट पहले सैकड़ो में होती थी, अब वह मिंनटो में बढ़ गई है। जहां सबसे कम जाम लगता था वहीं पर सबसे ज्यादा आफत भी चल रही है। कुल मिलाकर बताया जा रहा है कि आईपीएस अधिकारियों वाली लिस्ट को लेकर जो टविस्ट् बना हुआ है अगर आने वाले दिनों में स्थिति क्लियर नहीं हुई तो कई और सूचनाओं भी कमिश्नरी को लेकर मिलने वाली हैं। उधर गुरुवार को हुई जूम वाली मीटिंग में भी 1 जुलाई वाली प्लानिंग को फुल प्रूफ बनाने पर चर्चा हुई है। सुनने में आया है कि सभी थानों के प्रभारी व एसीपी साहब लोगों को भी ज्ञान वाला पाठ पढ़ाया गया है। देखना होगा कि कमिश्नरेट सिस्टम में 1 जुलाई के बाद कौन से नए बदलाव और सुधार देखने को मिलते हैं। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद को लेकर लखनऊ वाले भी नजर जमाए हुए हैं। इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम की सोशल मीडिया सेल को लेकर भी कई तरीके की नाराजगी देखने को मिल रही है। उधर कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि जिस ऑफिस को लेकर इन दिनों हलचल मची हुई है वहां कमिश्नरेट के कई स्तर के अधिकारी दिनभर में देखे जा सकते हैं। कहा जा रहा है अब धीरे-धीरे वह आईपीएस अधिकारी कमिश्नरेट वाली फॉर्म में आ गए हैं। देखना होगा आने वाले दिनों में क्या होता है।




# डिजि सक्षम कार्यशाला में युवाओं को मिला कौशल सशक्तिकरण का प्रमाणपत्र






**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नेशनल करियर सर्विस और एचआरआईटी के सहयोग से आयोजित छह दिवसीय डिजि सक्षम कार्यशाला एचआरआईटी में आयोजित की गई।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और माइक्रोसॉफ्ट द्वारा समर्थित इस कार्यशाला का उद्देश्य युवाओं को व्यापक एआई कौशल प्रदान करना था, ताकि उनकी रोजगार क्षमता में वृद्धि हो सके और नवाचार को प्रोत्साहन मिले। कार्यशाला की शुरूआत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अनिल अग्रवाल और प्रो. कुलपति डॉ. अंजुल अग्रवाल, डॉ. एन.के. शर्मा, डायरेक्टर जनरल डॉ. वीके जैन द्वारा की गई। कार्यशाला का समन्वय डॉ. रंजना शर्मा, डॉ. शबनम जैदी और अतुल भूषण द्वारा किया गया। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों ने मशीन लर्निंग और न्यूरल नेटवर्क सहित एआई के बुनियादी सिद्धांतों को सीखा।

कार्यक्रम उपरांत प्रतिभागियों ने अपने एआई प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए। इन प्रोजेक्टों ने स्वास्थ्य, वित्त और कृषि जैसे क्षेत्रों में व्यावहारिक अनुप्रयोगों के साथ-साथ रोजमर्रा की चुनौतियों के लिए नवाचारी समाधानों को भी प्रदर्शित किया। प्रस्तुतियों ने न केवल तकनीकी दक्षता बल्कि रचनात्मक समस्या समाधान और महत्वपूर्ण सोच कौशल को भी उजागर किया, जो कार्यशाला के दौरान विकसित हुए।

कार्यशाला के सभी प्रतिभागियों को एनसीएस में आमंत्रित किया गया और उन्हें उनके कौशल वृद्धि पाठ्यक्रम के प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। इसके साथ ही, उन्होंने श्रम एवं रोजगार मंत्रालय में अपना पंजीकरण भी करवाया। यह पहल युवाओं को डिजिटल अर्थव्यवस्था में भविष्य के करियर अवसरों के लिए तैयार करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

# 151-121 लीटर गंगाजल के साथ कांवड़ यात्रा शुरू की



**लोनी, करंट क्राइम।** हिन्दु युवाओं में सनातन धर्म और भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा को बढ़ावा देने के लिए मंडोला गांव के कांवड़िया मोहित 151 लीटर तथा हर्षित 121 लीटर गंगाजल हरिद्वार से लेकर आ रहे हैं। दोनों कांवड़िया दो अगस्त को पुरा महादेव मंदिर पहुंचकर भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक करेंगे। लोनी के मंडोला गांव निवासी सुनील त्यागी के पुत्र मोहित 25 बॉउंसर हैं तथा गांव के देवेन्द्र शर्मा के पुत्र हर्षित एलएलबी के छात्र हैं। उन्होंने बताया कि युवाओं में सनातन धर्म तथा भगवान के प्रति सच्ची श्रद्धा को बढ़ावा देने के लिए वह हरिद्धार से अपने वजन से अधिक भार की कांवड़ लेकर आ रहे हैं। उन्होंने 16 जून की शाम हरिद्वार से अपनी कांवड़ यात्रा शुरु की थी। वह रोजाना करीब पांच किमी चलते हैं और 27 जून को मंगलोर तक पहुंचे हैं। उनका कहना है कि दो अगस्त को वह शिवरात्रि के दिन पुरा महादेव मंदिर पहुंचकर गंगाजल से भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक करेंगे।

## धौलाना विधायक ने मुख्यमंत्री से मिलकर सीमा विस्तार का उठाया मुद्दा



**पिलखुवा, करंट क्राइम।** धौलाना विधायक धर्मेश सिंह तोमर ने लखनऊ में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिलकर क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की और जिले के सीमा विस्तार की भी मांग की। मुख्यमंत्री ने जल्द ही सभी समस्याओं के निस्तारण का आश्वासन दिया।

विधायक धर्मेश तोमर ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री से जिले के सीमा विस्तार, पिलखुवा-धौलाना मार्ग को चार लेन कराए जाने और धौलाना को आईटी हब बनाने पर विस्तार से चर्चा हुई। उन्होंने बताया कि इससे उद्यमी और अधिक निवेश करेंगे, जिससे बेरोजगारी समाप्त होगी और हापुड़ के अलावा आसपास के युवाओं को रोजगार मिलेगा। जिले का विस्तार होने से विकास कार्य को अधिक धनराशि मिलेगी। हापुड़ की अलग लोकसभा होगी। विधायक ने बताया कि इसके अलावा अन्य विकास संबंधी मुद्दों पर भी वार्ता हुई।

## सांप के डंसने से दो बच्चों की मौत
## घर के बाहर जमीन पर सोया था परिवार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के थाना मसूरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम निडोरी में बीती रात्रि परिवार अपने बच्चों के साथ जमीन पर खुले में सोया था पास में जंगल होने की वजह से 2 वर्षीय साहिब पुत्र शाहिद अली की उंगली में सांप ने डंस लिया तो वहीं उसी की 4 वर्षीय बहन इनायत को दूसरा सांप गर्दन पर लिपट गया।

बच्चे के चिल्लाने से लोग उठे और इनायत के गले से सांप को पकड़ा। परिजनों ने दोनों को रामा अस्पताल में भर्ती कराया जहां दोनों को ही डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। पिता इस उम्मीद से कि मेरे बच्चे बच जाएं तो बच्चों को बचाने के लिए जिला खजूरी में सपेरों के पास लेकर पहुंचा जहां उन्होंने भी बचाने से मना कर दिया। वहीं बुलंदशहर के भगवानपुर बुगरासी में पहुंचा तो वहां से भी लाइलाज कर दिया गया।

मृतक के पिता शाहिद अली बक्सर के सिंभावली के रहने वाले हैं जो थाना मसूरी क्षेत्र के गांव निडोरी की एक कॉलोनी में अपना घर बना कर रह रहे थे। मजदूरी कर अपना गुजारा करते हैं। तो वहीं बीती रात उनका बेटा साहिब, इनायत, 6 वर्षीय अबूजर और पति-पत्नी घर के बाहर खुले में जमीन पर सो रहे थे। रात्रि में सांप ने उनके बेटे और बेटी को डंस लिया।

## फैक्टरी में चोरी करने वाले गिरोह के दो बदमाश गिरफ्तार, दो फरार



**मुरादनगर, करंट क्राइम।** नगर क्षेत्र के गांव रावली कलां में एक माह पूर्व हुई निमार्णाधीन फैक्टरी में चोरी का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने दो बदमाशों को गिरफ्तार कर चोरी गया सामान बरामद किया है। एसीपी नरेश कुमार ने बताया कि गत 18 मई को गांव रावली में निमार्णाधीन फैक्टरी में चोरी हुई थी। पुलिस ने दस जून को रिपोर्ट दर्ज कर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी थी। पुलिस ने बुधवार रात को दो बदमाशों को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का खुलासा कर दिया। पुलिस पूछताछ में बदमाशों ने अपना नाम मुस्तकीम अब्बासी निवासी सुंदर नगरी दिल्ली व इमरान निवासी गौना थाना चांदीनगर जिला बागपत बताया। पकड़े गए बदमाशों ने बताया कि शमशाद निवासी मुरादनगर व शहजाद उर्फ चीता निवासी चांदीनगर के साथ मिलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने बदमाशों के पास से चोरी का सामान बरामद किया है।

## विवादित भूखंड पर कब्जे को लेकर मारपीट की



**लोनी, करंट क्राइम।** विवादित भूखंड पर कब्जे को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज करा दी है। लोनी की बलरामनगर कॉलोनी निवासी मनोज भाटी का आरोप है कि उसका बलरामनगर कॉलोनी में एक भूखंड है जिस पर कब्जे को लेकर कोर्ट में केस चल रहा है। आरोप है कि 24 जून की सुबह वह विवादित भूखंड पर बैठा था। इसी दौरान शिवम गोयल अपने भाई शुभम गोयल के साथ आया और गाली गलौच करने के बाद उस पर लाठी डंडों और धारदार हथियार से वार कर दिया। भूखंड के पास दुकानदार फैसल और निजाम ने बीच बचाव कर उसे बचाया। जिसके बाद हमलावर जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए।

# नेपाल में भारी बारिश ने मचाई तबाही, 14 लोगों की मौत



## लामजमग में भूस्खलन की वजह से बह गए तीन घर



**काठमांडू।** नेपाल में पिछले 24 घंटों में भारी बारिश, भूस्खलन और बिजली गिरने के कारण 14 लोगों की मौत हो गई। भूस्खलन के कारण कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच की मौत बिजली गिरने से हुई। वहीं बाढ़ के कारण एक की जान चली गई। लामजमग जिले में रात भर हुए भूस्खलन में तीन घर बह गए। जिला प्रशासक बुद्ध बहादुर गुरुंग ने इसकी जानकारी दी। राष्ट्रीय आपदा जोखिम न्यूनीकरण और प्रबंधन प्राधिकरण के प्रवक्ता दीजन भट्टाराई ने कहा, ₹\26 जून को हमने 44 मामले दर्ज किए, जिसमें 14 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। आठ की मौत भूस्खलन के कारण, बिजली गरजने से पांच की मौत और बाढ़ में डूबने से एक की मौत हो गई। भूस्खलन के कारण दो लोग लापता हो गए, जबकि अन्य 10 घायल है।

नेपाल के गृह मंत्रालय के अनुसार, मानसून के शुरू होने के बाद भारी बारिश और भूस्खलन के कारण अबतक 27 लोगों की मौत हो चुकी है। इस दौरान 13 लोगों की मौत बिजली गिरने से हुई। मानसून के कारण 33 जिले बुरी तरह से प्रभावित हो गए। 17 दिन में अबतक बारिश से जुड़ी 147 घटनाएं दर्ज की जा चुकी है। बता दें कि हर साल नेपाल में भारी बारिश और भूस्खलन के कारण सैकड़ों लोगों की मौत होती है। हालांकि, यह पर्वतीय क्षेत्रों वाले देशों के लिए आम है।

पिछले 17 दिनों में बिजली गिरने की घटनाओं की बात की जाए तो इसमें करीब 13 लोगों की मौत हुई है। जबकि लैंडस्लाइड के कारण 14 लोगों ने अपनी जान गंवाई है। बता दें कि इस साल नेपाल में मानसून समय पर पहुंचा है और देश में भारी बारिश के कारण मौतों का सिलसिला जारी है। हर साल नेपाल में बाढ़ से हजारों लोग प्रभावित होते हैं, जबकि लैंडस्लाइड और संपत्ति की तबाही के कारण सैकड़ों लोग विस्थापित भी हो जाते हैं।





# कराची में भीषण गर्मी और लू का कहर




**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में भीषण गर्मी और लू से कई इलाके तप रहे हैं। इस बीच एक संस्था ने दावा किया है कि पाकिस्तान के कराची के क्षेत्रों में चार दिनों में भीषण गर्मी और लू से 427 लोगों की मौत हो गई है। एक गैर सरकारी संस्थान ईधी फाउंडेशन का कहना है कि बुधवार को छोड़कर बीते चार दिनों में 427 लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा मंगलवार को सिंध प्रांत के तीन सरकारी अस्पतालों से 23 शव निकाले गए।

### अत्यधिक गर्मी से जूझ रहे हैं कराची के लोग

पाकिस्तान के बंदरगाह शहर कराची में बीते सप्ताह शनिवार से अत्यधिक गर्मी और लू का असर देखने को मिल रहा है। यहां शनिवार को तापमान 40 डिग्री के पार हो गया और बुधवार तक लगातार ऐसी ही स्थिति देखने को मिली। ईधी फाउंडेशन के प्रमुख फैसल ईधी का कहना है कि कराची में कुल मिलाकर चार शवगृह हैं। इन शवगृहों में अब मृतकों के शव रखने की जगह नहीं बची है।

### ज्यादातर शव बेघर और नशा करने वालों के

ईधी के अनुसार ज्यादातर शव बेघर लोगों और सड़कों पर नशा करने वालों के हैं। उन्होने कहा कि भीषण गर्मी उन पर हावी हो गई है क्योंकि ये लोग अपना पूरा दिन खुले और धूप में बिताते हैं। मंगलवार को मुर्दाघर में 135 शव मिले थे और सोमवार को 128 मिले थे। ज्यादातर शवों की पहचान नहीं हो पाई है।

### कराची में भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती




फैसल ईधी ने कहा दुखद तथ्य यह है कि जिन क्षेत्रों में अत्यधिक बिजली की कटौती हो रही है, उन क्षेत्रों में भीषण गर्मी से अधिकतर लोगों की मौत हुई है। इनमें से अधिकतर शव बेसहारा और नशे की लत में डूबे हुए लोगों के हैं। उन्होंने आगे बताया कि मंगलवार को 135 और सोमवार को 128 लोगों के शव बरामद किए गए। ईधी ने आगे कहा कि अभी कराची के लोगों को और भी बिजली कटौती का सामना करना पड़ेगा। उधर कराची के बिजली विभाग का कहना है कि सरकार को 10 अरब रुपये का कर्ज चुकाना है, इस वजह से बिजली कटौती की जा रही है।

### नशीली दवाओं का उपयोग

कराची के जिन्ना अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात एक डॉक्टर ने बताया कि हर दिन यह संख्या बढ़ती जा रही है। ऐसा माना जा रहा है कि नशीली दवाओं के दुरुपयोग और गर्मी की लहरों के कारण मरने वाले लोगों के परिवार के सदस्यों ने उन्हें स्वीकार नहीं कर रहे हैं।

# अमेरिका ने फिर भारत के लोकसभा चुनाव की सराहना की, सोशल मीडिया पर दी बधाई

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने एक बार फिर भारत के लोकसभा चुनाव की सराहना की। विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने बुधवार को कहा कि अमेरिकी सरकार दुनिया के इतिहास में लोकतंत्र की सबसे बड़ी प्रक्रिया मना रही है और उन्होंने इसे असाधारण उपलब्धि बताया।

मिलर ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनाव के नतीजे में अमेरिका किसी का पक्ष नहीं लेता। इस मामले में भारत के लोग ही फैसला कर सकते हैं।

‘चुनाव नतीजे की बात आती है तो हम किसी का पक्ष नहीं लेते हैं। यह भारत के लोगों को तय करना होता है।’



### मुझे नहीं पता कि वह किस बात की ओर इशारा कर रहे

अमेरिका में कई समूह और लोग भारत में लोकतंत्र तोड़ना चाहते हैं और लोगों ने चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हराने के लिए यहां से धन भेजने की बात स्वीकार की है, इस बारे में पूछे जाने पर मिलर ने कहा, 'मैं किसी एक विशेष रिपोर्ट पर बात नहीं कर सकता हूं। मुझे नहीं पता कि वह किस बात की ओर इशारा कर रहे हैं। मगर मैं आपको बता सकता हूं कि जब भारत के चुनाव की बात आती है हम अमेरिकी सरकार की ओर से बिल्कुल स्पष्ट हैं कि हम दुनिया के इतिहास में लोकतंत्र की सबसे बड़ी कवायद का जश्न मना रहे हैं। यह एक असाधारण उपलब्धि थी।'

### भारत के लोगों को तय करना है

उन्होंने आगे कहा, 'फिर, जब चुनाव के नतीजे की बात आती है, तो हम किसी का पक्ष नहीं लेते हैं। यह भारत के लोगों को तय करना होता है।

### 65 करोड़ मतदाताओं को बधाई

सोशल मीडिया मंच एक्स पर बाइडन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और एनडीए को बधाई दी थी। साथ ही इस ऐतिहासिक चुनाव में करीब 65 करोड़ मतदाताओं को बधाई थी। उन्होंने कहा था कि दोनों देशों के बीच दोस्ती बढ़ रही है। हम भविष्य में मिलकर काम करेंगे।

# स्ट्राइकर लड़ाकू वाहन को बनाने में भारत ने दिखाई दिलचस्पी? अमेरिका ने दिए संकेत

**वाशिंगटन।** वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारत और चीन के बीच तनाव अभी भी बरकरार है। चीन की हरकतों और नापाक मंसूबों को ध्यान में रखते हुए भारत भी लगातार अपनी स्थिति मजबूत कर रहा है। सेना पूर्वी लद्दाख जैसे ऊंचाई वाले इलाकों में सैनिकों को मोबाइल (स्वचालित) बख्तरबंद सुरक्षा वाहन उपलब्ध कराने की दिशा में काम कर रही है। अब अमेरिका ने संकेत दिया है कि आठ पहियों वाले बख्तरबंद पैदल सेना के लड़ाकू वाहन (आईसीवी) स्ट्राइकर की नई पीढ़ी को साथ मिलकर बनाने के संबंध में बात आगे बढ़ गई है।

अमेरिकी उप विदेश मंत्री कर्ट कैंपबेल ने बुधवार को संकेत दिया कि स्ट्राइकर की नवीनतम पीढ़ी को मिलजुलकर बनाने के संबंध में अमेरिका और भारत के बीच बातचीत नई दिल्ली में हुई बैठकों के बाद आगे बढ़ गई है।

‘भारत ने बैठकों के दौरान स्ट्राइकर लड़ाकू वाहन के सह-उत्पादन में रुचि दिखाई है।’



**नई दिल्ली यात्रा के दौरान बातचीत आगे बढ़ी :** हाल ही में व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन नई दिल्ली की यात्रा पर आए थे। इस दौरान भारत और अमेरिका ने उच्च प्रौद्योगिकी क्षेत्रों में सहयोग को मजबूत करने पर सहमति जताई। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल से भी मुलाकात की थी। महत्वपूर्ण और उभरती प्रौद्योगिकी (आईसीईटी) पर अमेरिका-भारत पहल की प्रमुख बैठकों में सुलिवन के साथ कैंपबेल भी मौजूद रहे थे।

कैंपबेल ने आईसीईटी समीक्षा के लिए नई दिल्ली का दौरा करने के एक सप्ताह बाद एक ऑनलाइन ब्रीफिंग की। इस दौरान उन्होंने कहा कि भारत ने बैठकों के दौरान स्ट्राइकर लड़ाकू वाहन के सह-उत्पादन में रुचि दिखाई है। अमेरिकी सेना भारतीय सेना के सामने स्ट्राइकर की क्षमताओं का प्रदर्शन करेगी।

**रूस पर खत्म होगी निर्भरता :** भारत ने देश की सैन्य क्षमताओं को बढ़ावा देने के लिए स्ट्राइकर बख्तरबंद वाहनों का सह-उत्पादन करने की योजना बनाई है।

# एक भारतीय समेत तीन महिलाओं पर फलस्तीन का समर्थन करने का आरोप

**सिंगापुर।** सिंगापुर में फलस्तीन का समर्थन करने के मामले में एक भारतीय समेत तीन सिंगापुरी महिलाओं पर अदालत में आरोप लगाया गया है। दरअसल, फलस्तीन के समर्थन में 70 लोगों का जुलूस एक ज्ञापन पहुंचाने राष्ट्रपति पैलेस पहुंचा था। आरोप लगाए गए महिलाओं की पहचान 35 वर्षीय अन्नामलाई कोकिला पार्वती, 29 वर्षीय सिती अमीराह मोहम्मद असरोरी और 25 वर्षीय मोसम्मद सोबिकुन नाहर के तौर पर की गई है। इन सभी पर बिना परमिट दो फरवरी को जुलूस निकालने के लिए लोक व्यवस्था अधिनियम के तहत आरोप लगाए गए हैं।




अन्नामलाई एक जानी मानी कार्यकर्ता है। उनपर सिती अमीराह मोहम्मद असरोरी, मोसम्मद सोबिकुन नाहर और अन्य को अपने काम में शामिल करके अपराध को बढ़ावा दिलाने का आरोप लगाया गया है। अदालत में तीनों आरोपियों का प्रतिनिधित्व एक वकील ने किया। वकील ने बताया कि जुलाई में अन्नामलाई को अपने परिवार से मिलने के लिए वह एक आवेदन देंगे। तीनों को पांच हजार सिंगापुर डॉलर की जमानत की पेशकश की गई।

अन्नामलाई और मोसम्मद के मामलों की सुनवाई आठ अगस्त को और सिती अमीराह के मामले की सुनवाई 25 जुलाई को होगी।

पुलिस ने बताया कि अन्नामलाई को बिना परमिट जुलूस निकालने के लिए 2017 और 2021 में भी चेतावनी दी गई थी।

# नासा आईएसएस को वापस लाने के लिए लेगा एलन मस्क के स्पेसएक्स की मदद, 84 करोड़ डॉलर का हुआ समझौता

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलियम्स और अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री बुच विल्मोर पांच जून को करीब एक सप्ताह के लिए अंतरिक्ष गए थे। उन्हें 13 जून को अंतरिक्ष से लौटना था। हालांकि, आज 27 जून हो चुकी है। अबतक उनकी वापसी का कोई अता-पता नहीं है। इस बीच अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने एक नई जानकारी दी है। नासा ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन को रिटायर करने के लिए वह एलन मस्क के स्पेसएक्स की मदद लेगा।



### 2030 में होगा रिटायर

दरअसल, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी ने आईएसएस को पृथ्वी के वायुमंडल के माध्यम से प्रशांत महासागर में उसके अंतिम विश्राम स्थल तक ले जाने के लिए एक यान बनाने हेतु स्पेसएक्स को चुना है, जो 2030 में रिटायर हो जाएगा। एलन मस्क की कंपनी के साथ अंतरिक्ष यान तैयार करके देने के लिए 84.3 करोड़ डॉलर का एक समझौता किया गया है, जिसे यूएस डिऑर्बिट व्हीकल नाम दिया गया है।

नासा के केन बोवर्सोक्स ने कहा, 'अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन के लिए अमेरिकी डिऑर्बिट व्हीकल का चयन करने से नासा और उसके अंतरराष्ट्रीय साझेदारों को फायदा मिलेगा। इसकी मदद से स्टेशन के संचालन के अंत में उसे पृथ्वी की निचली कक्षा में सुरक्षित पहुंचाने में मदद मिलेगी।'

### यह है नासा की योजना

अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी की योजना स्पेसएक्स द्वारा अंतरिक्ष यान के निर्माण के बाद इसका स्वामित्व लेने तथा पूरे मिशन के दौरान इसके संचालन को नियंत्रित करने की है। बता दें, अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन का वजन 430,000 किलोग्राम पाउंड है। यह अब तक अंतरिक्ष में निर्मित सबसे बड़ी एकल संरचना है।

### तीन चरणों में टूटेगा

मीर और स्काईलैब जैसे अन्य स्टेशन वायुमंडल में वापस आने पर जिस तरह नष्ट हो गए, उसे देखते हुए नासा के इंजीनियर उम्मीद कर रहे हैं कि आईएसएस तीन चरणों में टूटेगा। सबसे पहले सोलर पैनल और रेडिएटर, जो कक्षीय प्रयोगशाला को ठंडा रखते हैं, बंद हो जाएंगे। उसके बाद अलग-अलग मॉड्यूल ट्रस या स्टेशन की संरचना से अलग हो जाएंगे। अंत में ट्रस और मॉड्यूल खुद ही नष्ट हो जाएंगे।

बताया जा रहा है कि अधिकांश सामग्री वाष्पीकृत हो जाएगी, लेकिन बड़े टुकड़े बच जाने की उम्मीद है। इसी वजह से, नासा प्रशांत महासागर के एक क्षेत्र के लिए लक्ष्य बना रहा है जिसे प्वाइंट निमो कहा जाता है।

# पाक ने फिर अलापा कश्मीर राग, भारत ने लगाई लताड़ कहा- ध्यान भटकाने की एक और नाकाम कोशिश

**लंदन।** संयुक्त राष्ट्र में एक बार फिर भारत ने पाकिस्तान को जमकर खरी-खरी सुनाई। दरअसल, पाकिस्तान ने संयुक्त राष्ट्र के एक सत्र के दौरान जम्मू कश्मीर का मुद्दा उठाया। जिस पर जवाब देते हुए भारत ने जम्मू-कश्मीर पर पाकिस्तान की आधारहीन टिप्पणियों के लिए उसकी आलोचना की। उसने टिप्पणियों को राजनीति से प्रेरित और निराधार बताया। कहा कि यह उसके अपने देश में बच्चों के खिलाफ जारी गंभीर उल्लंघनों से ध्यान हटाने का एक और आदतन प्रयास है।



संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर खुली बहस के दौरान, संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप प्रतिनिधि आर रवींद्र ने बुधवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न और अलग-अलग हिस्से हैं।

### मुझे इस मुद्दे पर बोलने दें

बहस के दौरान अपना बयान समाप्त करने से पहले आर रवींद्र ने कहा, 'मुझे समय के हित में टिप्पणियों का संक्षेप में जवाब देने दें, जो स्पष्ट रूप से राजनीति से प्रेरित और निराधार थीं, जो मेरे देश के खिलाफ एक प्रतिनिधि द्वारा की गई थीं। मैं स्पष्ट रूप से इन आधारहीन टिप्पणियों को खारिज करता हूं और उनकी निंदा करता हूं।'

उन्होंने कहा, 'यह और कुछ नहीं बल्कि बच्चों के खिलाफ गंभीर उल्लंघनों से ध्यान हटाने का एक और आदतन प्रयास है, जो उनके अपने देश में बेरोकटोक जारी है। यह इस साल महासचिव की बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर रिपोर्ट में उजागर किया गया है। जहां तक केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख का सवाल है, वे भारत का अभिन्न और अविभाज्य हिस्सा थे, हैं और हमेशा रहेंगे, भले ही यह विशेष प्रतिनिधि या उनका देश क्या मानता या चाहता हो।'

उनकी यह टिप्पणी संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार परिषद में पाकिस्तान के प्रतिनिधि द्वारा जम्मू-कश्मीर का जिक्र किए जाने के बाद आई है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बहस के दौरान आर रवींद्र ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में वार्षिक बहस से सशस्त्र संघर्ष की स्थितियों में बच्चों के सामने आने वाली चुनौतियों पर ध्यान गया है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को बच्चों के खिलाफ उल्लंघन को रोकने के महत्व को पहचानने में मदद मिली है।

### वार्षिक बहस से सामने आया मुद्दा

भारतीय दूत ने कहा, 'इस साल बच्चों और सशस्त्र संघर्ष पर सुरक्षा परिषद के प्रस्ताव 1261 को अपनाए जाने के 25 साल पूरे हो रहे हैं। पिछले कुछ सालों में, वार्षिक बहस ने सशस्त्र संघर्ष की स्थितियों में बच्चों के सामने आने वाली चुनौतियों को सामने लाया है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को बच्चों के खिलाफ उल्लंघनों को रोकने और समाप्त करने के महत्व को पहचानने में मदद की है।' उन्होंने कहा कि इस दिशा में हम महासचिव के विशेष प्रतिनिधि के कार्यालय के काम की बहुत सराहना करते हैं। हालांकि, सशस्त्र संघर्षों के बदलते परिदृश्य और बच्चों के सामने आने वाली चुनौतियों को देखते हुए बहुत कुछ किया जाना बाकी है। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि इस चुनौती पर केवल उस सरकार द्वारा दृढ़ कार्रवाई करके ही काबू पाया जा सकता है, जिसके क्षेत्र में ऐसी संस्थाएं संचालित होती हैं।

# रूस में भीषण ट्रेन हादसा, नौ डिब्बे पटरी से उतरे, 70 से अधिक लोग घायल

**रूस।** रूस में यात्री ट्रेन के नौ डिब्बे बेपटरी होने से हुए हादसे में 70 से अधिक लोगों के घायल होने की खबर है। रूस की स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सात लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। फिलहाल, किसी की मौत की पुष्टि नहीं हुई है।

यात्री ट्रेन उत्तर पूर्वी कोमी में वोरकुटा से नोवोरोस्सिएस्क के ब्लैक सी बंदरगाह जा रही थी। दोनों जगहों के बीच की दूरी पांच हजार किलोमीटर है। जो रेल हादसे का शिकार हुई है उसका नाम ट्रेन 511 है। डिब्बों के पटरी से उतरने का कारण हाल ही में हुई भारी बारिश हो सकती है। खबरों के मुताबिक रेलवे ऑपरेटर ने बताया कि ट्रेन 511 में कुल 14 डिब्बे थे, जिसमें 232 यात्री सवार थे।



रेलवे अधिकारियों के मुताबिक हादसा स्थानीय समयानुसार शाम करीब 6.12 बजे इंटा शहर के पास हुआ। टेलीग्राम पर जारी बयान के मुताबिक आपातकालीन सेवाओं से जुड़े अधिकारियों और राहत-बचाव दल को घटनास्थल पर भेजा गया है। हताहत यात्रियों की सहायता के लिए उपाय किए जा रहे हैं। सेक्शन पर यातायात को निलंबित कर दिया गया है। पीड़ितों के बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। भौगोलिक रूप से उत्तर-पूर्वी कोमी आर्कटिक सर्कल के ऊपर है।

रूसी रेलवे ने ट्रेन 511 के पटरी से उतरने की जांच के लिए जनरल डायरेक्टर ओलेग बेलोजेरोव की अध्यक्षता में टास्क फोर्स का गठन किया है। उत्तर-पश्चिमी परिवहन अभियोक्ता के कार्यालय ने पटरी से उतरने की घटना की आपराधिक जांच शुरू कर दी है।

## जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद की बैठक आयोजित

# नियमों के विरुद्ध नहीं होने दिया जाएगा भूजल दोहन : डीएम

## नये आवेदन के साथ भूजल रिचार्ज का प्रपोजल भी प्रस्तुत करने के निर्देश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिला मुख्यालय के महात्मा गांधी सभागार में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पोर्टल पर नोटीफाइड क्षेत्र के अनापत्ति निर्गमन हेतु 10 आवेदन, कूप पंजीकरण हेतु 16 आवेदन, एवं एनओसी नवीनीकरण श्रेणी के 16 आवेदनों सहित कुल 42 आवेदनों पर विचार किया गया। 42 में से 07 आवेदन स्वीकृत एवं 34 आवेदनों पर अस्वीकृत एवं अवशेष 01 आवेदन में पायी गई कमियों के निराकरण का समय दिया गया। बैठक में अवैध रूप से भूजल दोहन करने वाली फर्मों पर बोरवेल सील्ड करने के आदेश दिये गये। साथ ही आवेदन करने वाली फर्मों को ग्राउण्ड वाटर दोगुना रिर्चाज करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी, जिला भूगर्भ जल प्रबन्धन परिषद को निर्देशित किया कि नये आवेदनकताओं को सूचित किया जाए कि आवेदन के साथ वे भूजल रिचार्ज हेतु अपना प्रपोजल भी प्रस्तुत कराएं।

उन्होने निर्देशित किया कि सभी सोसाइटी निवासी जो भूजल दोहन कर रहे हैं वे अपना पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें। बैठक में डीसीपी सिटी ज्ञानन्जय सिंह, अभिनव गोपाल मुख्य विकास अधिकारी, हरिओम अधिशासी अभियन्ता लघु सिंचाई, श्रीनाथ पासवान उपायुक्त उद्योग, भारत भूषण अधिशासी अभियन्ता जल निगम ग्रामीण, कुंवर सन्तोष कुमार सहायक पर्यावरण अभियन्ता, संजय कुमार उप क्षेत्रीय वनाधिकारी, जाफर अली अवर अभियन्ता भूगर्भ जल विभाग गौतमबुद्धनगर, नवनीत गुप्ता जूनियर इन्जीनियर जल, एनपीपी खोड़ा और लोनी, आकाश वशिष्ठ नामित सदस्य द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### जल दोहन करने वालों पर लगाया जाये जुर्माना

**(करंट क्राइम)।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि जिन फर्मों पर पूर्व में जुर्माना लगाया गया था उनसे पहले जुर्माना वसूल किया जाए उसके बाद ही उनके आवेदनों पर विचार किया गया।




कहा कि जिन फर्मों के द्वारा निर्धारित मांग से अधिक जल दोहन या अवैध रूप से जल दोहन किया जा है, उन पर जुर्माना लगाया जाए। जिन फर्मों के द्वारा शर्तों के अनुरूप भूजल रिचार्ज नहीं किया जा रहा है, उनके बोरवेल भी तब तक सील किए जाएं जब तक वह शर्तों के अनुरूप कार्य नहीं करते हैं।

## शोक प्रकट करने खिंदौड़ा पहुंचा सपा का प्रतिनिधिमंडल



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर सपा का एक प्रतिनिधिमंडल ने मेरठ सिवालखास थाना जानी के गांव रसूलपुर खिंदौड़ा गांव पहुंचकर आम के बाग के पानी को लेकर हुए विवाद में मारे गये खिंदौड़ा निवासी सिराजुद्दीन उर्फ पप्पू और उनके बेटे शहनवाज के पीड़ित परिवार से शोक संवेदना प्रकट की।

सपा के प्रतिनिधिमंडल ने पीड़ित परिवार से मिलकर कहा कि समाजवादी पार्टी हर संभव मदद के लिए पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और आश्वासन दिया कि प्रशासन से मिलकर इसकी जांच एवं दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी।

प्रतिनिधिमंडल में शाहिद मंजूर, अतुल प्रधान, नीरज पाल, फैसल हुसैन एडवोकेट जिला अध्यक्ष, वीरेंद्र यादव एडवोकेट महानगर अध्यक्ष, अकील मुताज, अमरपाल शर्मा, विपिन चौधरी, आदिल चौधरी, रविंद्र देव यादव, हाजी निजाम, मोहम्मद अब्बास हैदर, देवदत्त धामा, आकाश अग्रवाल, शोएब चौधरी व महबूब अंसारी शामिल रहे।

## कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल मिला पप्पू व राजा के परिवार से





**गाजियाबाद, करं क्राइम।** कांग्रेस पार्टी का एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रदेश उपाध्यक्ष एवं जिलाध्यक्ष विदित चौधरी के नेतृत्व में धोलडी गांव में हुए पप्पू व राजा के दोहरे हत्याकांड के संबंध में पीड़ित परिवार से मिलकर शोक व्यक्त किया एवं कांग्रेस पार्टी की ओर से परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की।

परिवार की ओर से की गई मांगों के संबंध में प्रतिनिधिमंडल पुलिस उपायुक्त ग्रामीण जोन से भी मिलाऔर परिवार को सुरक्षा देने एवं दोषियों को गिरफ्तार कर सख्त सजा दिलाने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव गाजियाबाद प्रभारी सुबोध शर्मा, उत्तर प्रदेश कांग्रेस के महासचिव विजेंद्र यादव, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विनीत त्यागी, जिला उपाध्यक्ष संगठन प्रभारी अमोल वशिष्ठ व नवीन आदि शामिल रहे।

## नोएडा प्राधिकरण बोर्ड की बैठक फिर हुई स्थगित

**7700 करोड़ का बजट, 50 एजेंडे पर लगनी थी मुहर, 6 मामलों की रखी जानी थी स्टेटस रिपोर्ट**



**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा प्राधिकरण की बोर्ड बैठक दोपहर एक बजे होनी थी। लेकिन बैठक को एक बार फिर टाल दिया गया है। ऐसा लगातार दूसरी बार हुआ है। पहले बैठक 16 जून को होनी थी। जिसके बाद 27 जून को होनी थी। बैठक की अध्यक्षता आईडीसी व नोएडा प्राधिकरण के चेयरमैन मनोज सिंह को करनी थी। बैठक में तीनों प्राधिकरण नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना विकास प्राधिकरण के सीईओ को रहना था। इस बार कुल 50 एजेंडा को शामिल किया गया जाना था। जिसमें मुहर लगनी थी। ये एजेंडा विकास, अनुरक्षण, आवंटन और अंश धारिता और अन्य मदों में है।

ये बैठक मार्च में हो जानी चाहिए थी लेकिन आचार संहिता के चलते नहीं हो सकी। प्राधिकरण ने बताया कि बैठक में वित्तीय बजट भी रखा जाएगा। जिसे आईडीसी ने पहले ही अप्रूव कर दिया है। ये बजट 7700 करोड़ का है। इसके अलावा अमिताभ कांत की सिफारिश के आधार 57 बिल्डरों की रिपोर्ट, एनसीएलटी में वाणिज्यिक और ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट की समीक्षा की जाएगी। 300 करोड़ रुपए का ड्राफ्ट रखा जाएगा अंश धारिता के सापेक्ष जेवर एयरपोर्ट को दिया जाने वाला फंड करीब 400 करोड़ के अलावा अन्य मदों की अंश धारिता में करीब 300 करोड़ रुपए का ड्राफ्ट रखा जाएगा।

## पुलिस ने बदमाश को मारी गोली, लूट और छिनैती के 12 से ज्यादा मुकदमे दर्ज

**नोएडा (करंट क्राइम)।** नोएडा के थाना सेक्टर-24 पुलिस और बदमाश के बीच मुठभेड़ हो गई। इस दौरान बदमाश के पैर में गोली लगी। लोगी लगने से बदमाश बाइक से फिसल गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया। बदमाश की पहचान मनीष निवासी दिल्ली के रूप में हुई है। ये थाना सेक्टर-113 से वांछित चल रहा था। हाल ही में थाना सेक्टर-113 में हुई मुठभेड़ के दौरान के फरार हो गया था। पुलिस काफी दिनों से इसकी तलाश कर रही थी। इसके ऊपर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई भी की जाएगी। एडीसीपी मनीष मिश्र ने बताया कि थाना सेक्टर 24 नोएडा पुलिस द्वारा सेक्टर 54 चौकी के सामने चैकिंग की जा रही थी। तभी एक व्यक्ति ग्रे रंग की मोटर साइकिल होंडा होर्नेट डीएल 5 एसबीएम 6106 पर आता दिखाई दिया। पुलिस ने चैकिंग करने के लिए रोका तो भागने लगा। पुलिस ने इसका पीछा किया। बाइक सवार फिसल गया। अपने को घिराता देख कर इसने पुलिस पर फायर कर दिया। पुलिस ने आत्म रक्षार्थ की गयी कार्रवाई में बदमाश मनीष के पैर में गोली लगी।



घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। उन्होंने बताया कि बदमाश पर लूट छिनैती के 12 से ज्यादा मुकदमे दर्ज है। ये शातिर किस्म का अपराधी है। पुलिस को काफी दिनों से इसकी तलाश थी। इसके अन्य साथी भी है। जिनकी गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही पूरे गैंग को पकड़ा जाएगा। मनीष ने नोएडा, गाजियाबाद, दिल्ली में चोरी और लूट की घटनाएं की है।

## भारत विकास परिषद ने लगवाया नेत्र जांच शिविर

**साहिबाबाद, करंट क्राइम।** गुरुवार को भारत विकास परिषद इन्दिरापुरम की मुख्य शाखा द्वारा सेवा पखवाड़ा के अवसर पर निःशुल्क नेत्र जांच शिविर व चश्मा वितरण के साथ आभा स्वास्थ्य कार्ड भी बनाए गए। शिविर का शुभारंभ क्षेत्रीय पार्षद राधेश्याम त्यागी ने किया।

सेवा भारती इन्दिरापुरम पश्चिम अध्यक्ष प्रदीप अवस्थी, जनसेवक प्रमोद तिवारी, शाखा अध्यक्ष विनीताता वाजपेयी, सचिव रविन्द्र तिवारी, महिला होम्योपैथी औषधालय से आदेश त्यागी एवं डां अदिति शर्मा, शाखा संयोजिका रिचा वालिया केसरवानी ने वन्देमातरम एवं दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस मौके पर सभी का पटका एवं स्वामी विवेकानंद का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। सेंटर फॉर साइट से आए




डाक्टरों ने लगभग 135 लोगों की जांच की एवं दवाई एवं चश्मे वितरण किए। स्वास्थ्य विभाग मकनपुर डिस्पेंसरी ने लगभग 110 आभा कार्ड भी शिविर में बनाऐ। शाखा संरक्षक हेमन्त कुमार वाजपेयी ने डां. सूरज प्रकाश के जीवन एवं भारत विकास परिषद के सेवा कार्य एवं स्थापना के उद्देश्य के विषय में प्रकाश डाला एवं सभी साथियों को निरंतर प्रतिदिन सेवा करने के लिए आभार व्यक्त किया।

## वकीलों के हंगामे के बाद गढ़ कोतवाल को हटाया

**हापुड़ में कोतवाली प्रभारी का फूंका था पुतला, हड़ताल से परेशान हो रहे थे लोग**



**हापुड़ (करंट क्राइम)।** हापुड़ की गढ़ कोतवाली प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मियों के निलंबन की मांग को लेकर सीओ दफ्तर के बाहर वकीलों का गुरुवार को तीसरे दिन भी धरना जारी रहा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने पुलिस का पुतला फूंका।

हड़ताल से जहां राजस्व विभाग का नुकसान हो रहा है, वहीं वादकारियों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शाम को एसपी ने कोतवाली प्रभारी को हटा दिया। चुनाव सेल प्रभारी मुनीश प्रताप सिंह को गढ़ कोतवाली प्रभारी बनाया गया। बार एसोसिएशन गढ़मुक्तेश्वर के अध्यक्ष राजकुंवर चौहान के नेतृत्व में गुरुवार को वकीलों ने कोतवाली प्रभारी विनोद पांडेय और दो दरोगा व एक कांस्टेबल पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन करते हुए पुतला भी फूंका। यह है मामला 4 दिन पहले एक अधिवक्ता का अपनी पत्नी से विवाद हो गया था। जिसके बाद मामला कोतवाली तक पहुंचा। इसी बीच अधिवक्ता अपने एक साथी के साथ वहां पहुंच गए।

जिस पर पुलिस ने दोनों को हवालात में बंद कर दिया। इस पूरे मामले को लेकर तभी से अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त हो गया।

### संस्थाओं ने दिया समर्थन

वकीलों की मांग है कि जब तक उनकी मांग पूरी नहीं होती तब तक धरना जारी रहेगा। वहीं गढ़ बार को विभिन्न संस्थाओं ने भी अपना समर्थन दिया। इसके अलावा हापुड़ बार एसोसिएशन ने भी अपना समर्थन दिया। वहीं सुरक्षा को लेकर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। देर शाम एसपी ने गढ़ कोतवाल को हटा दिया।

### चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा पहलवान की फोटो खींचने को जो चेहरा रहता है बहुत ज्यादा आतुर? हमने देखा आईटीएस वाले कार्यक्रम में इस बार नजर नहीं आ रहे थे मिस्टर माथुर? कैसे टूट गया ये फेवीकोल का जोड़, इसकी चर्चाएं सुनाई दे रही थी हर ओर? जब किसी ने टटोले मिस्टर माथुर के जज्बात? तब सामने से आई कोई सौदा होने की आवाज? बताने वाले ने बताया कायदा? कहा कभी कभी दूरी बनानी पड़ती है, जब काम में हो रहा होता है फायदा?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि एक बार खाकी वाले महकमें में बड़े अधिकारी को झंडापुर के लोगों से लेना चाहिए अपडेट? क्या हकीकत में उनके यहां पर हुआ था किरायेदारों का सत्यापन? या फिर ये मामला है पूरी तरह फेक? हमें तो क्षेत्र से सुनाई दे रही है सत्यापन ना होने की आवाज? एक बार पता ही कर के देख लो? पता करने में क्या बिगड़ जायेगा साहब?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार की पूर्व मेम्बर गुप्ता का अलग ही है स्वैग? वो इन्दिरापुरम हैंडओवर वाले मामले को कर रही हैं कुछ अलग ही अंदाज में टैग? उन्होंने अपनी चाहत का कराया है काफी चेहरों को एहसास? कहा है क्षेत्र का कुछ हिस्सा जीडीए तो कुछ रहना चाहिए नगर निगम के पास? इससे पता चल जायेगा कौन सा विभाग कर रहा है बढ़िया काम? कम्पटीशन होने से त्वरित रूप से होगा समस्याओं का समाधान?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि विधानसभा चुनाव की आहट मिलते ही नदिया पार के भगवा राणा लगवा दिया करते थे बड़े बड़े होर्डिंग और पोस्टर? लाखों स्वाहा कर दिया करते थे वो इस मामले में, नहीं फोलो करते थे वो कोई रोस्टर? मगर शहर विधानसभा चुनाव को लेकर क्यों खामोश है उनकी आवाज? ऐसा लग रहा है उन्होंने ले लिया हो राजनीति से सन्यास? चुनावों में उनकी खामोशी नहीं हो रही है हमको हजम? एक बार रूख तो करें शहर सीट का? क्या पता आ जाये फिर से उनकी राजनीति में दम?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि आपने किया था अपने सवालों में इशारा ? लिखा था भगवा गर्ग साहब तोमर साहब से बनाकर रखना चाहते है दूरियाँ ? आपने भले ही ना खोला हो गर्ग साहब का नाम ? मगर तोमर साहब को हो गई है इन चेहरे की पहचान ? सुना है तोमर साहब ने गर्ग साहब के घर जाकर चाय पीने का बना लिया है प्रोग्राम ? सरप्राइज विजिट की कर ली है पूरी तैयारी ? देखने अब ये है कि अपनी विजिट को वो कब देते है अंजाम ?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि त्यागी जी है नदिया पार के भगवा कमिश्नर ? उनका अपने एरिया में जलवा बताया जाता है खास ? मगर ना जाने ऐसा क्या हुआ कि मोहल्ले के बहुत सारे लोग हो गए उनसे नाराज ? सभी नाराज चेहरों ने सोशल मीडिया पर निकाली अपनी भड़ास ? एक नहीं, दो नहीं बल्कि चार ग्रुप से कर दिया गया उनका पत्ता साफ ? अचानक इतने विरोध की क्या रही वजह ? जब आपको उस बारे में पता चलेगा, सच बता रहा हूँ आयेगा बहुत ही मजा ?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा गढ़ के एक महान मंत्री इन दिनों एक ताकतवर विधायक से दिख रहे है बहुत ज्यादा नाराज ? महान मंत्री जी का कहना है, हमारे मोहल्ले में विधायक जी उन ठेकेदारों से काम करा रहे है ? जिनसे बिल्कुल भी नहीं बनती है हमारी बात ? ऐसा करके विधायक जी कर रहे है एक तीर से दो शिकार ? पहले तीर से वो दे रहे है हमारे दिल में ज़ख्म ? दूसरे तीर से वो अपने प्रिय ठेकेदारों का कर रहे है बेड़ा पार ?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि जानबहाब जिए थे लोकसभा का चुनाव ? तो उन्होंने डिनर डिप्लोमेसी का दिया था परिचय शानदार ? उन्होंने सभी विधायकों को दी थी अपने यहाँ बुलाकर दावत ? गर्ग साहब कब अपने साथियों को जीत की पार्टी देंगे इस बात का हम कर रहे है शिद्दत से इंतजार ? जीत मिले हुए हो गए है अब काफी दिन, मामला होता नहीं दिख रहा है अपडेट ? हम तो गर्ग साहब से यही कहना चाहते है कि दावतों का मामला नहीं होना चाहिए इतना लेट ?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि इन दिनों भगवा गढ़ में लगातार चल रही है ये चर्चा ? मित्तल जी का आशीर्वाद लेकर चलने वाला युवा भाटी इस बार भरेगा ओबीसी मोर्चे वाला पर्चा ? सुना है इस युवा चेहरे ने भगवा कमांडर के दिल में जगह बना ली है खास ? पता चल है कई कार्यकर्मों में वो लेकर जाते है इसको साथ ? सुना है इस मोहब्बत ने लगा राखी है कइयों के दिल में आग ? मानो ना मानो इस बार यादव का होकर रहेगा पता साफ ?
- क्यों कहा कहने वाले ने कि हम आपको बता रहे है अंदर की बात ? गर्ग साहब अपने प्रिय गोयल को लड़ते हुए देखना चाहते है लोकसभा का चुनाव ? हमने देखा, वो कह रहे थे किसी से ये बात, गोयल मेरे बहुत ही प्रिय है ? मैं उनको 2029 में लड़ते हुए देखना चाहता हूँ लोकसभा का चुनाव ? उनसे किसी ने पूछा कि विधानसभा उपचुनाव को लेकर क्या है आपकी डियर गोयल को लेकर राय ? इस पर कुछ देर के लिए गर्ग साहब के चेहरे पर आ गई मुस्कुराहट ? फिर उन्होंने हमसे बोला ओके टाटा बाय बाय?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

### दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




गाजियाबाद करंट क्राइम। सरकार वालो ने कार ली है और वो भी डबल। 2 कार आई है और प्रभु श्री राम जी के आशीर्वाद से आई है। रॉबिन सांगवान ने 2 स्कॉर्पियो कार लेने की खुशी को फेसबुक पर साझा किया। उनकी यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।